

दैनिक

# पुष्पांजली टुडे

नई सोच नई पहल



वर्ष 03, अंक 214 | ग्वालियर सोमवार 10 अगस्त 2020 | pushpanjalitoday@gmail.com | मूल्य 01, रुपए, पृष्ठ 8


# 'कृषि अवसंरचना कोष' कटाई के बाद फसल प्रबंधन में होगा सहायक : पीएम मोदी

## प्रधानमंत्री ने की लटेरी के कृषक से बातचीत, मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बताया किसान कल्याण के लिए महत्वपूर्ण

**भोपाल।** किसानों के लिए खेती फायदे का धंधा बनाने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को 'कृषि अवसंरचना कोष' के तहत एक लाख करोड़ रुपये की वित्तपोषण सुविधा का उद्घाटन किया। यह कोष फसलों की 'कटाई के बाद फसल प्रबंधन अवसंरचना' और 'सामुदायिक कृषि परिसंपत्तियों' के सृजन को बढ़ावा देने के लिए शुरू किया जा रहा है। मोदी ने किसानों को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से संबोधित करते हुए कहा कि देश में आज समस्या कृषि उत्पादन को लेकर नहीं, बल्कि कटाई के बाद होने वाले नुकसान को लेकर है। उन्होंने कहा कि इस कोष से इस समस्या को हल करने में मदद मिलेगी। यह कोष कोष 'कटाई बाद फसल प्रबंधन अवसंरचना' और 'सामुदायिक कृषि परिसंपत्तियों' जैसे कि शीत भंडार गृह, संग्रह केंद्रों, प्रसंस्करण इकाइयों आदि बनाने में मददगार होगा। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने एक महीने पहले



'कोष इत?यादि के सृजन को उत्प्रेरित करेगा। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने एक लाख करोड़ रुपये के 'कृषि अवसंरचना कोष' के तहत वित्तपोषण सुविधा के लिए केंद्रीय क्षेत्र योजना को मंजूरी दी है। मोदी ने कहा कि कृषि से संबंधित हालिया दो अध्यादेशों से किसानों को मंडी के बाहर अपनी उपज बेचने के लिए नए बाजार अवसर उपलब्ध होंगे। वहीं प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने आज विदिशा जिले के लटेरी के कृषक श्री मुकेश शर्मा से बातचीत की। प्रधानमंत्री, रिलीज ऑफ बेनिफिट अंडर पीएम किसान एंड लांच ऑफ फांयनेशियल फैसिलिटी अंडर एग्रीकल्चर इन्फ्रास्ट्रक्चर फंड कार्यक्रम के अवसर पर वेबकास्ट द्वारा देश के कृषक संघों से चर्चा कर रहे थे। कृषक श्री शर्मा प्राथमिक कृषि सहकारी समिति लटेरी जिला विदिशा के सचिव हैं। इस अवसर पर प्रधानमंत्री द्वारा 8 करोड़ 55 लाख किसानों के खातों में 17 हजार एक सौ करोड़ रुपये सिंगल क्लिक से ट्रांसफर किए गये। इसके साथ ही फायनेन्शियल फैसिलिटी अंडर एग्रीकल्चर इन्फ्रास्ट्रक्चर फंड के तहत चार साल के लिए एक लाख करोड़ रुपये की व्यवस्था की गई है। प्रधानमंत्री ने मध्यप्रदेश सहित कर्नाटक तथा गुजरात के कृषक संघों से भी बातचीत की। मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि देश की ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती देने के लिए प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार सभी आवश्यक कदम उठा रही है। लॉकडाउन में किसानों को लाभान्वित करने, आत्मनिर्भर बनाने व किसान बन्धुओं की आय दोगुनी करने की दिशा में अनेक कल्याणकारी निर्णय लिए गए हैं। केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्री नरेन्द्र सिंह तोमर और प्रदेश के किसान कल्याण तथा कृषि विकास मंत्री श्री कमल पटेल ने भी वेबकास्ट में भाग लिया। प्रदेश के किसान कल्याण तथा कृषि विकास मंत्री श्री कमल पटेल ने एग्री इन्फ्रास्ट्रक्चर फंड के अंतर्गत सहकारी समितियों को वित्त-पोषण सुविधा प्रदान करने के लिए प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि इससे समितियाँ बहुउद्देशीय गतिविधियाँ संचालित कर सकेंगी। इससे कृषक और कृषि की स्थिति में बदलाव आएगा। कृषि में वैल्यू एडिशन करने और स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर सृजित करने में मदद मिलेगी। श्री पटेल ने कहा कि लटेरी ने न केवल विदिशा बल्कि मध्यप्रदेश का नाम भी गौरवान्वित किया है। उन्होंने कहा कि हमारे लिए गौरव की बात है कि देश के 3 राज्यों में मध्यप्रदेश भी शामिल है। उन्होंने प्राथमिक सहकारी साख संस्था लटेरी के सचिव श्री मुकेश शर्मा, कृषक श्रीमती मुन्नी बाई कुशवाह, श्री रामेश्वर चौरसिया, श्री माधव लाल शर्मा, श्री भगवत सिंह धाकड़ और विदिशा के जिला सहकारी बैंक के सीईओ श्री विनय प्रकाश सिंह को बधाई और शुभकामनाएं दीं। वेबकास्ट पर चर्चा में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने कृषक श्री शर्मा से कहा कि वे अपने साथियों को रासायनिक खाद और कीटनाशक का कम उपयोग करने के लिए प्रेरित करें।

राजस्थान के सीएम गहलोत का खुलासा, बोले-

# बीजेपी में फूट पड़ गई है, जीत हमारी तय

**जयपुर।** राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने भारतीय जनता पार्टी पर सरकार को अस्थिर करने की कोशिश करने का आरोप लगाया है. 4 दिन बाद जैसलमेर पहुंचे सीएम अशोक गहलोत ने रविवार 9 अगस्त को



कहा कि बीजेपी के विधायक बाड़ेबंदी में जा रहे हैं, उनकी अब पोल खुल गई है.अशोक गहलोत ने कहा कि बीजेपी नेताओं और हमारी पार्टी छोड़ चुके लोगों के खिलाफ हर घर में गुस्सा है. मेरा मानना है कि वे भी इसे समझते हैं और उनमें से अधिकांश हमारे पास लौट आएंगे. पत्रकारों से बातचीत में मुख्यमंत्री ने कहा, आप सोच सकते हो कि सरकार में तो हम लोग हैं, हॉर्स ट्रेडिंग हो रही थी. किस प्रकार हमें विधायकों को एक साथ रोकना पड़ा, लेकिन बीजेपी के विधायकों को किस बात की चिंता है? तीन-चार जगह पर वो लोग बाड़ेबंदी कर रहे हैं. वो भी चुन-चुनकर कर. उनमें फूट नजर आ रही है. अशोक गहलोत ने कहा, कैलाश मेघवाल ने पहले बयान दिया था. राजस्थान में कभी इस प्रकार की परंपरा नहीं रही है. सबको मालूम है कि मैं बार-बार कहता रहा हूं. पहले भी सरकार गिराने को लेकर दो-तीन प्रयास हुए हैं. प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष की हैसियत से भैरोसिंह शेखावत साहब के वक्त में मैंने विरोध किया था.

राहुल गांधी ने पीएम मोदी पर कहा तंज, कहा

# 2 करोड़ नौकरियों का वादा था, 14 करोड़ हुए बेरोजगार

**नई दिल्ली।** पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी ने देश के बेरोजगार युवाओं के लिए नौकरियों की मांग करते हुए एक ऑनलाइन अभियान शुरू किया है. रोजगार दो अभियान को लॉन्च करते हुए राहुल गांधी ने मोदी सरकार



पर निशाना साधा और कहा कि उन्होंने हर साल 2 करोड़ लोगों को रोजगार देने का अपना वादा पूरा नहीं किया. ट्विटर पर जारी वीडियो में राहुल गांधी ने कहा, जब नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री बने थे तो उन्होंने देश के युवाओं से ये वादा किया था कि 2 करोड़ युवाओं को वो रोजगार देंगे. हर साल. बहुत बड़ा सपना दिया. लेकिन नरेंद्र मोदी की नीतियों ने 14 करोड़ लोगों को बेरोजगार बना दिया है. राहुल गांधी ने कहा कि ये क्यों हुआ. गलत नीतियों के कारण हुआ. नोटबंदी, गलत जीएसटी, और फिर लॉकडाउन. इन तीन तत्वों ने हिंदुस्तान के ढांचे को, इकोनॉमिक स्ट्रक्चर को खत्म कर दिया है, नष्ट कर दिया है. अब सच्चाई ये है कि हिंदुस्तान अब अपने युवाओं को रोजगार नहीं दे सकता है.

# रक्षा क्षेत्र में भारत को आत्मनिर्भर बनाने की पहल

## 101 उपकरणों के आयात पर लगेगा बैन

**नई दिल्ली ।** सरकार ने आत्मनिर्भर भारत को बढ़ावा देने के लिए बड़ा कदम उठाया है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने रविवार को ऐलान किया कि कि %आत्मनिर्भर भारत' पहल के तहत देश में रक्षा वस्तुओं का उत्पादन बढ़ाने के लिए 101 उपकरणों के आयात पर रोक लगाई जाएगी। उन्होंने कहा कि सरकार के इस फैसले से देश भारतीय रक्षा उद्योग को बड़े मौके मिलेंगे। बता दें कि आयात पर रोक लगाने की योजना 2020 से 2024 के बीच अलग-अलग फेज के तहत की जाएगी। गौरतलब है कि प्रधानमंत्री ने आत्मनिर्भर भारत के लिए 5 स्तंभ बताए थे, जिनमें इकोनॉमी, इन्फ्रास्ट्रक्चर, सिस्टम,



डेमोग्राफी और डिमांड के साथ स्पेशल पैकेज का ऐलान किया था। यह फैसला भारत के रक्षा बाजार के आत्मनिर्भर बनने की दिशा में बड़ा मौका होगा। इससे हमारी डेवलपमेंट कैपेबिलिटी में भी इजाफा होगा। सामानों को आर्म्ड फोर्स की मांग और डीआरडीओ की डिजाइन के आधार पर बनाया जाएगा। इन 101 सामानों की लिस्ट को कई स्टेकहोल्डर्स मसलन आर्म्ड फोर्सेस, प्राइवेट इंडस्ट्रीज से कई बार विचार-विमर्श के बाद तैयार किया गया है। 2015 से 2020 के दौरान तकरीबन 260 अलग-अलग स्कीम के तहत इन उत्पादों के लिए सेना के तीनों अंगों ने करीब 3.5 लाख करोड़ के करार किए थे। स्वदेशी घरेलू कंपनियों को अलगे 6-7 सालों मे 4 लाख करोड़ रुपये का कॉन्ट्रैक्ट दिया जा सकेगा। सिंह ने ट्विटर पर कहा कि आयात पर प्रतिबंध के लिए चिह्नित सैन्य वस्तुओं के घरेलू स्तर पर उत्पादन की समय सीमा सुनिश्चित करने के लिए कदम उठाए जाएं। 101 सामानों की लिस्ट में केवल सामान्य उपकरण ही नहीं हैं, बल्कि इसमें उच्च तकनीक वाले वेपन सिस्टम मसलन आर्टिलरी गन, असॉल्ट राइफल, सोनार सिस्टम, ट्रांसपोर्ट एयरक्राफ्ट, एलसीएच रडार समेत अन्य आइटम शामिल हैं।

1 हफ्ते के अंदर दूसरी घटना

# कोविड केयर सेंटर में आग लगने से 7 लोगों की मौत

**विजयवाड़ा।** महज एक हफ्ते के अंदर कोविड सेंटर पर आग लगने की दूसरी घटना सामने आई है. अब आंध्र प्रदेश के विजयवाड़ा में एक बड़ी घटना घटी है. शहर में कोविड केयर सेंटर के तौर पर इस्तेमाल किए जा रहे एक होटल में भीषण आग लग गई. घटना में 7 लोगों की मौत हो गई है और कई लोग घायल भी हुए हैं. इस सेंटर से कई लोगों को बाहर भी निकाला गया है. होटल का नाम स्वर्ण पैलेस बताया जा रहा है. आग बुझाने का काम पूरा हो गया है. मरीजों को दूसरी जगह शिफ्ट किया गया है. बता दें कि गुजरात के अहमदाबाद में नवरंगपुरा इलाके में 6 अगस्त को आग लगी थी, जिसमें 8 मरीजों की मौत हो गई थी. बताया जा रहा है कि जिस समय आग लगी उस समय अस्पताल में 22 मरीजों का इलाज चल रहा था. आग लगने के बाद होटल में हड़कंप मच गया. मौके पर



पुलिस, फायर ब्रिगेड की गाड़ियां और एंबुलेंस पहुंच गई हैं. इस घटना में अबतक 7 लोगों के मौत की खबर है, लेकिन इसमें मृतकों की संख्या बढ़ सकती है. फिलहाल आग लगने का पता नहीं चल सका है, लेकिन कहा जा रहा है कि आग शॉर्ट सर्किट की वजह से लगी है. इस घटना में मुख्यमंत्री जगनमोहन रेड्डी ने दुख जताया है. उन्होंने वरिष्ठ अधिकारियों से बात कर दुर्घटना के कारणों की जानकारी ली है।

# बिन पतवार मंझधार में फंसी कांग्रेस फुल-टाइम अध्यक्ष चुनना ही होगा

**नई दिल्ली।** कांग्रेस सांसद शशि थरूर का मानना है कि कांग्रेस को अपनी छवि बचाने के लिए पूर्णकालिक अध्यक्ष चुनना ही होगा। उन्होंने रविवार को कहा कि जनता के बीच पार्टी की छवि दिशाहीन दल की हो चली है, इसे तोड़ने के लिए एक फुल-टाइम अध्यक्ष की जरूरत है। थरूर ने यह भी कहा कि राहुल गांधी ने में वह दम और काबिलियत है कि वह पार्टी को फिर से लीड कर सकते हैं। हालांकि, अगर राहुल फिर अध्यक्ष नहीं बनना चाहते तो कांग्रेस को नया अध्यक्ष चुनने की कवायद शुरू कर देनी चाहिए।सोनिया पर बोझ डालना ठीक नहीं थरूर ने यह



बयान ऐसे वक्त में दिया है जब सोनिया गांधी अंतरिम अध्यक्ष के रूप में एक साल का कार्यकाल पूरा करने वाली हैं। उन्हें पिछले साल 10 अगस्त को राहुल गांधी के इस्तीफे के बाद, मजबूरी में कमान सौंपी गई थी।

## भाजपा नेता ने ट्वीट कर अमित शाह की कोरोना रिपोर्ट को बताया नेगेटिव, गृह मंत्रालय ने किया खारिज

**नई दिल्ली।** गृह मंत्री अमित शाह की कोरोना संक्रमण रिपोर्ट निगेटिव आने की खबर को गृह मंत्रालय के खारिज किया है. गृह मंत्रालय के अधिकारी के हवाले से बताया गया है कि अमित शाह के कोरोना पॉजिटिव पाए जाने के बाद अभी कोई कोविड टेस्ट नहीं किया गया है गृह मंत्रालय के अधिकारी का यह बयान दिल्ली से बीजेपी सांसद मनोज तिवारी के उस ट्वीट के बाद आया, जिसमें



उन्होंने कहा था कि अमित शाह की ताजा कोरोना जांच रिपोर्ट निगेटिव आई है. दिल्ली बीजेपी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष मनोज तिवारी ने रविवार को ट्वीट करके कहा था कि देश के यशस्वी गृह मंत्री अमित शाह जी की कोविड रिपोर्ट निगेटिव आई है.


ग्वालियर से प्रकाशित

दैनिक पुष्पांजली टुडे

राष्ट्रीय मासिक पत्रिका,ऑनलाइन न्यूज़ चैनल,पोर्टल,एंड्रॉयड ऐप

को

सम्पूर्ण भारत में नियुक्त करना है

ब्यूरो चीफ / रिपोर्ट्स

मध्यप्रदेश, उत्तरप्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान, हरियाणा, गुजरात, बिहार, झारखंड, उड़ीसा, पंजाब, हिमाचल प्रदेश, आंध्रप्रदेश, अरुणाचल प्रदेश, असम, गोआ, कर्नाटक, केरल

आदि राज्यो के जिला एवं तहसील स्तर पर मनोनीत करना है।

संपर्क करें

कार्यालय : ए ब्लॉक,404 भाऊ साहब पोतनीस एंक्लेव,गोले का मंदिर ग्वालियर मध्यप्रदेश मो. 8269307478,7999246560

Website - www.pushpanjalitoday.com,
Email - pushpanjalitoday@gmail.com


# प्रधानमंत्री के फोटो से छेड़छाड़ करने पर कांग्रेस विधायक जीतू पटवारी पर केस

**भोपाल ।** पूर्व मंत्री और कांग्रेस विधायक जीतू पटवारी के खिलाफ प्रधानमंत्री के फोटो में छेड़छाड़ कर सोशल मीडिया पर पोस्ट करने के मामले में इंदौर के छत्रीपुरा थाने में एफआईआर दर्ज की गई है। विधायक के खिलाफ धारा 188 सहित अन्य धाराओं में केस दर्ज किया गया है। भाजपा नगर अध्यक्ष गौरव रणदिवे की शिकायत पर यह केस दर्ज किया गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तस्वीर के साथ छेडखानी कर अपने ट्विटर अकाउंट पर फोटो शेयर करने वाले विधायक पटवारी के खिलाफ भाजपा नेताओं ने शनिवार रात डीआइजी से शिकायत की थी। हालांकि बाद में पटवारी ने ट्वीट डिलीट कर दिया था। अयोध्या में श्री राम मंदिर निर्माण के भूमिपूजन के समय प्रधानमंत्री की तस्वीर में छेड़छाड़ कर कांग्रेस विधायक



पटवारी ने अर्थव्यवस्था, बेरोजगारी को लेकर टिप्पणी की थी। शनिवार रात को भाजपा नगर अध्यक्ष गौरव रणदिवे, सांसद शंकर लालवानी, विधायक रमेश मेंदोला, मधु शर्मा, जेपी मूलचंदानी सहित अन्य नेता डीआइजी से जाकर मिले और उनके कार्यालय में ज्ञापन देकर विधायक पटवारी के खिलाफ प्रकरण दर्ज करने की मांग की थी। नेताओं का कहना है कि पटवारी लगातार सोशल मीडिया पर सरकार और संगठन को लेकर अभद्र टिप्पणी करते हैं। उधर इस मामले विधायक पटवारी का कहना था कि उनके ट्वीट में कुछ भी गलत नहीं था, जो अपराध की श्रेणी में आए। बेरोजगारी, किसान और अर्थ व्यवस्था पर सवाल उठाना भाजपा की दुखती रग है। इस तरह की शिकायत कर वे आम आदमी की आवाज दबाना चाहते हैं।

# दाह संस्कार करने पहुंचे लोगो से लाठी लेकर लड़ने पहुंचे नगर के कुछ दबंग

## जनता ने थाना दबोह में दिया शिकायती आवेदन

**दबोह(अर्पित गुप्ता)**

मप्र सरकार चाहे कितने भी वादे करले पर वह असल मे खोखले वादों के शिवाय कुछ भी नही है।दरअसल मामला दबोह नगर की सबसे बड़ी और विकराल समस्या यानी कि मुक्तिधाम का है।इतनी बड़ी आबादी भरा नगर होने के बाबजूद भी अब तक नगर में मुक्तिधाम नही है जिसके चलते लोगो को मुर्दे को खुले आसमान में गंदगी वाली जगह पर जलाना पड़ता है।बड़े ही शर्म की बात है कि मुख्यमंत्री महोदय की हर ग्रामीण और शहरी क्षेत्र में मुक्ति धाम बनाये जाने की योजना संचालित की है परन्तु दबोह नगर इससे अब तक अछूता है।नगर के लिए बड़े ही दुर्भाग्य की बात है कि लोगो के आखिरी समय मे उनका अंतिम संस्कार करने के लिए उन्हें मुक्तिधाम भी नसीब नही है जब नगर में कोई मर जाता है तो उसके परिवार वाले पचास बार सोचते है कि आखिरकार अंतिम संस्कार कहाँ किया जाए..? वैसे तो अधिकतर लोग अंतिम संस्कार अपनी स्वयं की निजी भूमि पर करते है पर जिनके पास निजी भूमि नही है वह बेचारे कहाँ जाएं..?देखा जाए तो बरसात के दिनों में यह सबसे बड़ी समस्या बनी रहती है क्योंकि न तो वहां टीन सेट की व्यवस्था है और न ही किसी प्रकार की साफ सफाई की,जब बरसात में इंद्रदेव पानी बन्द कर देते हैं तब जाकर घण्टो इंतेजार करने के बाद लोग अंतिम संस्कार कर पाते हैं।



### इनका कहना

1-एसडीएम महोदय के आदेशानुसार भूमि का सीमांकन कर सीमा चिन्ह स्थापित कर दिए गए हैं अब आगे नप का कार्य है।

मुन्नालाल जमौरिया
राजस्व निरीक्षक

2-टेंडर हो चुका है जल्द ही नगर में मुक्तिधाम का निर्माण कार्य शुरू किया जाएगा।

एन आर खेंगर
सीएमओ दबोह

3-नगर में मुक्तिधाम न होना एक बड़ी ही विकराल समस्या है जिसके चलते हम लोगो को गन्दी जगह व खुले आसमान में अंतिम संस्कार करना पड़ता है।अगर जल्द ही मुक्तिधाम नही बनाया गया तो प्रदर्शन किया जाएगा।

नरेंद्र गुप्ता
पूर्व पार्षद

### अन्तिम संस्कार करने पहुंचे लोग तो लाठी लेकर दौड़े दबंग

यहां बता दें कि मामला शुक्रवार 06 अगस्त का है जब अंतिम संस्कार करने पहुँचे लोगो पर लाठियां चलाने पहुँचे दबंग।यहां बता दें कि लगभग शुक्रवार लगभग सुबह 11 बजे के समय दाहसंस्कार करने लोग पहुंचे थे और वहीं उस जगह पर दाहसंस्कार का विरोध करने कुछ ही दूरी पर निवास करने वाले दबंग लोग अपनी दबंगाई करते हुए लाठियां लेकर अंतिम संस्कार हो रहे शव को तितर-वितर करने आये तो दोनों पक्षो में जमकर झड़प हो गई और मामला थाने तक जा पहुंचा।जिसके बाद दोनों पक्षों ने थाना दबोह में शिकायती आवेदन प्रस्तुत किया।

### जहां होता है अंतिम संस्कार वह है निजी भूमि

यहां बता दें कि वर्षों से नगर में अंतिम संस्कार की प्रक्रिया करथेन रोड पर अस्पताल के पास पड़ी निजी भूमि पर होता आ रहा है क्यों कि नगर में मुक्तिधाम जो नही है।भूमि के मालिकाना हक रखने वालो का कहना है कि नगर मे मुक्तिधाम नही है जिसके चलते हमारी निजी भूमि में लोग अंतिम संस्कार करते है फिलहाल तो अभी तक हमे कोई परेशानी नही है परन्तु शासन को नगर में मुक्तिधाम बनाना चाहिए जिससे लोगो को खुले में अंतिम संस्कार न करना पड़े और उन्हें अंतिम संस्कार के समय जरूरत पड़ने वाली समस्त सुविधाएं मिल सके।

### चुनावी वादे हुए फैल नही बन सका पांच वर्ष में मुक्तिधाम

चुनाव आते ही चुनावी वादों की मानो फुहार सी लग जाती है जो कि नगर में 05 वर्ष पहले नगर पंचायत अध्यक्ष रहे रूपनारायण खटीक ने भी लगाई थी जिसमे नगर की कई विकराल समस्याओ के साथ मुक्तिधाम का भी जिक्र था परन्तु अध्यक्ष महोदय का कार्यकाल 05 वर्ष पूर्ण होने कर बाद खत्म हो गया पर आज तक नगर की जनता को इस समस्या से निजात न मिल सकी।सबसे बड़ी बात तो यह है कि जनता चुनाव के समय वादों को पकड़कर चुनाव तो करा देती है पर उस समय प्रत्याशी के द्वारा जो वादे किए जाते हैं उनपर जनता अमल नही करा पाती है।सूत्रों की माने तो पूर्व में नप अध्यक्ष रहे रूपनारायण खटीक इस बार भी मौका मिलने पर नप चुनाव में अपनी कमर कसने को तैयार हैं पर क्या जनता इन्हें पुनः खोखले वादों के साथ मौका देगी..?

### नगर में 19 लाख 11 हजार की राशि से बनेगा मुक्तिधाम

यहां बताना मुनासिब होगा कि बीते कुछ माह पहले नगर में नप द्वारा निविदा आमंत्रण कर मुक्तिधाम का टेंडर तो हो चुका है परन्तु अब तक ठेकेदार द्वारा निर्माण कार्य शुरू नही किया गया।जानाकारी के अनुसार नगर के सर्वे नम्बर 971 रकवा 18.263 हेक्टेयर में से रकबा 0.418 हेक्टेयर शासकीय भूमि पर मुक्तिधाम निर्माण हेतु भूमि आवंटित की गई है जिसके बाद अब तक ठेकेदार द्वारा निर्माण कार्य प्रारंभ नही किया गया जिससे मुक्तिधाम न होने की वजह से भविष्य में बहुत बड़ी समस्या खड़ी हो सकती है।

# तीन बेटियों के साथ रस्सी बांधकर कुएं में कूदा पिता,चारो की मौत



**दबोह(अर्पित गुप्ता)**

भिण्ड जिले के दबोह थाना इलाके के ग्राम अंधियारी में एक पिता ने अपनी तीन बेटियों के साथ कुंए में कूदकर जान दे दी। जानकारी के मुताबिक शुक्रवार की रात्रि में राजेश रजक(42 वर्ष) ने अपनी तीन बेटियों अनुष्का(10 वर्ष), चाइना(8 वर्ष) और संध्या(05 वर्ष)को रस्सी से बांधा और फिर उनके साथ कुंए में कूद गया।सुबह जब ग्रामीणों ने कुंए में लाशें देखी तो दबोह पुलिस को सूचना दी।

बताया जा रहा है कि राजेश की तीन बेटियां और एक बेटा था। वह मुंबई में मजदूरी करता था और लॉकडाउन में वापस घर आ गया था।उसके और पत्नी सुमन के बीच आपसी मतभेद होने लगे, इससे तक आकर राजेश ने यह कदम उठा लिया। यह बात सामने आ रही है कि कल रात फिर दोंनो के बीच विवाद हुआ था,इसके बाद राजेश आधी रात को तीनों बेटियों को लेकर कुंए के पास पहुंचा और उन्हें अपने साथ बांधकर कूद गया।सुबह जब ग्रामीणों ने कुंए के अंदर तैरती लाशें देखीं तो वे घबरा गए और तुरंत पुलिस को सूचित किया। पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से राजेश समेत तीन बच्चियों के शवों को बाहर निकाला और पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।फिलहाल तो अभी इस मामले में पुलिस भी कुछ नही कह पा रही है पर पुलिस ने इस मामले में जांच शुरू कर दी है।तो वहीं मौके पर लहार एसडीओपी दिनेश सिंह वैश्य व एसडीएम आर ए प्रजपति ने घटना स्थल का मुआयना किया व थाना प्रभारी को आवश्यक निर्देश दिए।

### इनका कहना

अंधियारी गाँव के राजेश रजक ने पारिवारिक विवाद के चलते तीन छोटी -छोटी बच्चियों के साथ कुएँ में कूदकर आत्महत्या कर ली घटना रात की है।घटना की जाँच कर रहे हैं।पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद स्थिति और स्पष्ट हो पाएगी।

विनोद विनायक करकरे
थाना प्रभारी दबोह

# ट्रक और बाइक की भिड़ंत में तीन लोगों की मौत गुस्साए परिजनों ने लगाया जाम

**मोहन मांझी**

गोहद- गोहद चौराहा थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत सर्वा के पास एमपी 07 एचबी 4539 एवं मालनपुर की तरफ से आ रही बाइक स्ब30 एम 4205 में जोरदार भिड़ंत हो गई जिसमें दो युवकों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई वहीं एक युवक को गंभीर स्थिति में ग्वालियर अस्पताल लेकर गए जहां रास्ते में युवक ने



दम तोड़ दिया घटना से गुस्साए परिजनों ने सर्वा के पास जाम लगा दिया जिससे ठ्ठ92 हाईवे लगभग सुबह 9:00 बजे से दोपहर 2:00 बजे तक जाम रहा जिसमें कई लोग घंटो तक फंसे रहे परिजनों की मांग के अनुसार अधिकारियों ने संबल योजना का लाभ एवं मृतकों के परिजनों को एक-एक व्यक्ति को मालनपुर की किसी फैक्ट्री में आस्थाई नौकरी दिलाने का भरोसा दिलाया जिसके बाद परिजनों ने थाना प्रभारी को हटाने के लिए मांग की जिस पर उप पुलिस अधीक्षक संजीव कंचन ने आवेदन देने की बात कही जिसके बाद भी जाम लगा रहा लेकिन बाद में अधिकारियों की समझाइस के बाद परिजनों ने जाम खोला

# न्यू मूवमेंट फ़ॉर ओल्ड पेंशन संघ के जिलाध्यक्ष बने नीलेश शर्मा.

**केशव पंडित जी अम्बाह...**

अम्बाह... प्रदेशाध्यक्ष सतेंद्र तिवारी ने प्रांतीय समिति की अनुशंसा पर सर्व सम्मति से अंचल के युवा शिक्षक नीलेश शर्मा को जिलाध्यक्ष मनोनीत किया है और आशा व्यक्त की है की कर्मचारियों का हक पुरानी पेंशन बहाली की लड़ाई नीलेश शर्मा के नेत्रत्व में समस्त विभागों के कर्मचारी मिलकर लडेंगे नीलेश शर्मा ने बताया की सरकार द्वारा सन् 2004 के बाद नियुक्त होने वाले सरकारी कर्मचारियों की पेंसन व्यवस्था में बदलाव कर दिया गया था और उनकी सेवा निवृति पश्चात ओल्ड एज सोशल इकोनामिक



सुरक्षा हेतु नेशनल पेंशन सिंस्टम यानी ह्क्क की सुविधा प्रदान की गयी थी हाँलाकि सरकार द्वारा 16 वर्ष में समय समय पर बडे सुधार किये गये लेकिन आज भी 20 लाख केंद्रीय एवं 50 लाख राज्य कर्मचारियों की सबसे बडी समस्या यह बनी हुई है कि ना तो इनको अपने अंशदान पर ही पूर्ण हक मिला है और न ही सेवानिवृत्त के बाद अंतिम सेलरी के अनुपात में मिनिमम पेंशन की गांरटी आज देश के 70 लाख कर्मचारी परिवार भारत सरकार की और इस आशा से देख रहे हैं की भारत के यशस्वी माननीय प्रधान मंत्री जी आप निश्चित रूप से इस वर्ग को भी पीडा से मुक्त करेंग नीलेश शर्मा के न्यू मूवमेंट फॉर ओल्ड पेंशन संघ के जिलाध्यक्ष मुरैना मनोनीत होने पर शिक्षक नरोत्तम महौर, प्रदीप चौहान, प्रमोद भदौरिया, सतेंद्र तिवारी, निरंजन सिंह तोमर ,राम अवतार राजावत ,जनक सिंह, भरत भार्गव महेश पांडेय और समस्त शिक्षकों साथियों में हर्ष व्याप्त है।

# नाबालिक लड़की के साथ दुष्कर्म - तीन लोग गिरफ्तार

**अभिषेक मिश्रा राज्य ब्यूरो प्रमुख हिमाचल प्रदेश**

बिलासपुर जिला के बरमाणा थाना के अंतर्गत एक नाबालिक लड़की के साथ दुष्कर्म का मामला सामने आया है ! प्राप्त सुचना के अनुसार एक नाबालिक लड़की जिसकी आयु 17 वर्ष 6 माह है को नम्होल क्षेत्र का एक युवक ने अप्रैल माह में फ़ोन करके मिलने बुलाया जहा से वह उसे पैदल रास्ते से काफी आगे ले आया जब यह लड़का उक्त लड़की के साथ मेंन रोड पर पहुंचा तो वहाँ एक कार आई जिसमे 3 लोग पहले से ही सवार थे जिनमे से एक उपप्रधान भी था ! उस लड़के ने इस लड़की को जबरदस्ती कार में बिठाया जहाँ से यह उसे अपने घर पोहनी नम्होल ले गया ! जिसके बाद यह लड़का उसे अपनी मासी के घर ले गया जो इसके घर से करीब दो तीन किमी आगे था ! वहाँ पर उस लड़के ने इस लड़की को करीब 10 - 12 दिन रखा जिसके बाद दुबारा से वह पैदल जंगल के रास्ते से अपने घर ले आया और बीच रास्ते में जंगल में इसने इसके साथ दुष्कर्म किया ! इस जंगल में यह नाबालिक लड़की चीखती चिलाती रही पर वहा पर किसी ने उसकी चींख पुकार नही सुनी ! जिसके बाद यह उसे अपने घर ले आया ! घर पहुँचते ही उसने इस लड़की को अपने भाई के हवाले कर दिया ! जिसके बाद इसके भाई ने भी इसके साथ दुष्कर्म किया और इसके साथ मारपीट की ! इन लोगो ने इस लड़की को अपने घर में बंधक बना कर रखा और इसके साथ दुष्कर्म करते और उससे घर का सारा काम करवाते ! शोषित लड़की ने पुलिस को दिए ब्यान में बताया की इन लड़को के पिता के पास दो बंदूके है और जब यह वहा पर बंधक बना रखी थी उस दौरान दो बार इनके बाप ने इस पर बन्दुक तान कर इसे धमकाया की यदि तूने आगे किसी को इस बारे में बताया तो तुझे जान से मार देंगे ! इस तरह यह लड़की लगभग चार माह तक इस घर में बंधक बनी रही और दोनों भाई इससे घर का सारा काम करवाते थे और इसके साथ दुष्कर्म करते रहे ! लड़की ने बताया कि वह छोटी जाती से संबधित है और आरोपी राजपूत जाती से संबधित है इस करके यह सभी लोग इसका शोषण करते थे ! शनिवार सुबह यह लड़की इनके चंगुल से भाग गई और बिटियाँ फाउंडेशन की राष्ट्रिय अध्यक्षा सीमा संख्यांन के पास पहुंची ! सीमा संख्यांन ने इस लड़की की तरफ से एसपी बिलासपुर के पास शिकायत दर्ज करवाई जिसके बाद अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अनिल शर्मा खुद बरमाना थाना पहुंचे और शनिवार देर रात को इस लडके को शिमला से गिरफ्तार कर लिया ! इसके अलावा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ने रविवार को नम्होल के पोहनी क्षेत्र में इन लडको के घर दबिश दी और इसके घर से इस लड़के के भाई और पिता को गिरफ्तार कर लिया ! अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक इस मामले को खुद देख रहे है और शनिवार से बरमाना थाने में डटे हुए है ! खबर लिखे जाने तक दोनों भाइयो और उनके पिता को गिरफ्तार कर लिया गया था ! जबकि पूर्व उपप्रधान व कार वाला लड़का अभी पुलिस के शिकंजे से बाहर थे ! पुलिस इन दोनों लोगो को पकड़ने का प्रयास कर रही थी ! उमीद है कि पुलिस इन दोनों व्यक्तियों को भी जल्द हिरासत में ले लेगी !

**- करीब चार माह बंधक बना कर करता रहा शोषण**

# कांग्रेसियों द्वारा स्वतंत्रता संग्राम आंदोलन का कार्यक्रम आयोजित किया

**भिण्ड (पुष्पांजली टुडे)।**

स्वतंत्रता संग्राम आंदोलन को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी के द्वारा कार्यक्रम आयोजित किए गए जिसमें गोल मार्केट में बनी महात्मा गांधी की प्रतिमा पर जिला कांग्रेस कमेटी जिलाध्यक्ष जय श्रीराम बघेल ने माल्यार्पण किया उसके बाद कांग्रेस कार्यकर्ता बजरिया बाजार होते हुए किला के पास शहीद भगत सिंह की बनी प्रतिमा पर पहुंच कर माल्यार्पण कर नेताओं ने स्वतंत्रता सेनानियों के विषय में अपने वक्तव्य में जानकारी दी।कार्यक्रम में जिला कांग्रेस जिला



अध्यक्ष जय श्री राम बघेल,रामहर्ष सिंह कुशवाह, डॉ राधेश्याम शर्मा, अनिल भारद्वाज, बलराम जाटव, संजय भूता,विनोद पंडित, अशोक गुप्ता, प्रमोद जैन डब्बू, पंकज त्रिपाठी,राहुल सिंह कुशवाह,दुष्यंत सिंघई,अरविंद सोनी,राजमणि शर्मा,सहित सैकड़ों पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# श्री राम जन्म भूमि पूजन व शिलान्यास होने पर संगठन द्वारा प्रसादी वितरण किया



**नारायणलाल सैणचा**

जिला हासन तहसील चंनरायपटणा मे अयोध्या नगरी श्रीराम जन्म भूमि पूजन व शिलान्यास होने पर चंनरायपटणा श्रीराम मन्दिर मे आर एस एस व वीएस पी और दूसरे हिन्दू संगठन ओ ने मिलकर पुजा आरती करके प्रसादी वितरण की चंनरायपटणा से अयोध्या जाने वाले कार सेवक ओ का पुष्पहार पहनाकर आशीर्वाद लिया हमारा शो भाग्य रहा की और पुरानी बाते बताकर खुशी जाहिर की और कार सेवक ओ से प्रेरणा मिली सनमानित समरोह यूवा ब्रिगेड तालुक अध्यक्ष धर्णीनीस और साथियो और प्रसादी वितरण करते रोशन जाट यह कार्यक्रम मे मौजूद रहे तालुक संघ चालक डॉ जी विएसपी जिला उपाध्यक्ष श्याम सुंदर जी तालुक कार्यवह मनोहर जी प्रकाश जी जाट सब एक ही नारा था जय श्रीराम

# वृक्षारोपण का संकल्प हर सिरवी समाज का हर नागरिक लेःसिरवी

पाली /नरेश कुमार सिरवी/राजस्थान के पाली जिले में 15 जुलाई को वृक्षारोपण वार्षिक उत्सव मनाया गया/जहां तक 15 जुलाई से अब तक लगभग जिले में सभी जगह पर वृक्षारोपण का कार्य चल रहा है/इस प्रकार रानी उपखंड क्षेत्र के/ग्राम पंचायत/चाचोडी/ग्राम पंचायत द्वारा वार्षिक उत्सव के दौरान सार्वजनिक क्षेत्र एवं गवाही तालाब गोचर भूमि में ग्राम पंचायत के अंतर्गत मनरेगा श्रमिकों द्वारा वृक्षारोपण किया गया/इस समय रानी उपखंड क्षेत्र के ग्राम पंचायत/चाचोडी/के पूर्व सरपंच मखना राम सिरवी के नेतृत्व में सीरवी समाज के वरिष्ठ जन सेवक एवं वरिष्ठ भामाशाह पूर्व सरपंच के सुपुत्र दुर्गेश सिरवी द्वारा मानसून की वापसी के दौरान निजी कृषि फार्म पर वृक्षारोपण के अभियान की शुरुआत की/दुर्गेश सिरवी द्वारा सीरवी समाज के हर आम नागरिक को संदेश के माध्यम से बताया गया कि अपने निजी कृषि फार्म या सार्वजनिक जगह पर एक वृक्ष लगाने का संकल्प लें/और वृक्षारोपण के बाद वृक्ष को गोद लेकर वृक्षों की रक्षा की



जाए/सीरवी समाज के वरिष्ठ भामाशाह एवं जन जन के लाडले पूर्व सरपंच मखना राम सिरवी एवं उनके सुपुत्र धनाराम सिरवी दुर्गेश सिरवी द्वारा इस समय पर्यावरण को संतुलित रखने के लिए वृक्षारोपण का कार्य करने का संकल्प लिया/जिन्होंने मानसून की वापसी के दौरान अपने निजी कृषि फार्म पर वृक्षारोपण का कार्य शुरू किया/ग्राम पंचायत के पूर्व सरपंच एवं सीरवी समाज के वरिष्ठ भामाशाह द्वारा कोविड-19 के चलते अपने और से जरूरतमंद परिवार को महत्वपूर्ण सहायता दी/और मां आई माता वडेर सीरवी समाज द्वारा बेसहारा गरीब मजदूर वर्ग के परिवार को खाद्यान्न सामग्री वितरण की//कोविड-19 की भयंकर आपातकालीन स्थिति में ग्राम पंचायत/चाचोडी/मैं वरिष्ठ भामाशाह द्वारा अलग-अलग प्रकार से जरूरतमंद परिवार को सहायता की/जिसमें कोराना वायरस के संकट काल की स्थिति में हर जाति धर्म के वरिष्ठ जनप्रतिनिधियों एवं भामाशाह द्वारा जीवन को विश्वव्यापी महामारी से सुरक्षित रखने के लिए बचाव संबंधित महत्वपूर्ण दिशा निर्देश दिए/जिसमें पूर्व सरपंच प्रतिनिधि एवं उनके सुपुत्र लाडले दुर्गेश सिरवी द्वारा प्रवासी राज्य महाराष्ट्र में भी जरूरतमंद परिवार को महत्वपूर्ण सहायता दी/विश्वव्यापी महामारी के चलते आमजन को सोशल डिस्टेंस एवं अन्य प्राथमिक बचाव संबंधित दिशा-निर्देश के माध्यम से प्रतिदिन आमजन को जागरूक कर रहे हैं और संदेश के माध्यम से बताया जा रहे हैं कि हमें स्वयं को जागरूक रहना होगा और दूसरों को भी जागरूक करना होगा/

# जगह-जगह गंदगी के ढेर

शिवपुरी जिले के ग्राम दिनारा पंचायत की अनदेखी के चलते कस्बे में जगह-जगह गंदगी के ढेर लगे हुए हैं। शिवपुरी झासी हाईवे पर गंदगी जगह जगह फैली हुई है एक तरफ भारत को स्वच्छ भारत बनाया जा रहा है लेकिन बात करे शिवपुरी के दिनारा की तो यहां भारतीय स्टेट बैंक के सामने जहां पर



इतनी गंदगी फैली हुई है कि लोगो का यहां से गुजरना मुश्किल हो जाता है जो बारिश के मौसम में परेशानी बनी हुई और जो कचरा फैला हुआ है करीबन आधे रोड़ पर फैला हुआ है जिससे वाहन चालकों को भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है

# मध्यप्रदेश में आत्म-निर्भर रोड मेप के लिये शिक्षा और स्वास्थ्य पर वेबीनार

## केन्द्रीय मानव संसाधन विकास मंत्री निशंक करेंगे शुभारंभ, समापन सत्र में शामिल होंगे केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री डॉ. हर्षवर्धन

**भोपाल।** आत्म-निर्भर मध्यप्रदेश के लिये शिक्षा और स्वास्थ्य जैसे प्रमुख बिन्दुओं पर सोमवार को देश के विषय-विशेषज्ञों के साथ वेबीनार के माध्यम से विचार-विमर्श किया जायेगा। वेबिनार का शुभारंभ केन्द्रीय मानव संसाधन विकास मंत्री श्री रमेश पोखरियाल निशंक करेंगे। वेबिनार के समापन सत्र में केन्द्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डॉ. हर्षवर्धन शामिल होंगे। प्रात: 11 बजे प्रारंभ होने वाले प्रारंभिक सत्र में मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान, मंत्रि-परिषद् के सदस्य, शिक्षा और स्वास्थ्य के विषय विशेषज्ञ सहित प्रदेश के वरिष्ठ अधिकारी भी शामिल होकर अपने विचार साझा करेंगे शिक्षा और स्वास्थ्य के वेबीनार में मंत्रीगण श्री गोपाल भार्गव, श्री तुलसीराम सिलावट, श्रीमती यशोधरा राजे सिंधिया, श्रीमती इमरती देवी, डॉ. प्रभुराम चौधरी, श्री ओमप्रकाश सकलेचा, श्रीमती उषा ठाकुर, श्री मोहन यादव, श्री इंदर सिंह परमार, श्री रामकिशोर कांवरे, श्री बृजेन्द्र सिंह यादव और



श्री सुरेश धाकड़ भी अपने सुझाव साझा करेंगे। वेबीनार में दो सत्र आयोजित होंगे। पहला सत्र प्रात: 11 बजे से दोपहर 2.15 बजे तक चलेगा। इस सत्र में मुख्य सचिव श्री इकबाल सिंह बैंस और अपर मुख्य सचिव श्री मोहम्मद सुलेमान भी संबोधित करेंगे। दूसरा सत्र दोपहर 3 बजे से शाम 6 बजे तक चलेगा। वेबीनार में स्वास्थ्य एवं शिक्षा के क्षेत्र में यूजीसी के वाइस चेयरमेन प्रो. भूषण पटवर्धन, डायरेक्टर ऑल इण्डिया इंस्टीट्यूट ऑफ आयुर्वेद डॉ. तनुजा नेसारी, डब्ल्यूएचओ की सीनियर कंसलटेंट डॉ. गीता कृष्णन, पब्लिक हेल्थ फाउण्डेशन इण्डिया के प्रेसीडेंट डॉ. के. श्रीनाथ रेड्डी, नेशनल हेल्थ अथॉरिटी के सीईओ डॉ. इन्दुभूषण, नीति आयोग के एडिशनल सेक्रेटरी डॉ. राकेश सारवाल, एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर, दैनिक भास्कर डॉ. भरत अग्रवाल, आयुष भारत सरकार के सेक्रेटरी वैद्य राजेश कोटेचा, डब्ल्यूएचओ के एडीजी श्री मनोज झालानी, सर्च फार हेल्थ गडचिरोली के चेयरमेन डॉ. अभय बेंग, नारायण हरदल्या के चेयरमेन डॉ. देवी शेट्टी, अजीम प्रेमजी यूनीवर्सिटी के वी.सी. श्री अनुराग बेहार, अशोका यूनीवर्सिटी के फाउण्डर चेयरमेन डॉ. परमार्थ सिन्हा और बीसीजी की चेयरमेन सीमा बंसल के साथ अन्य विशेषज्ञ भी अपने विचार रखेंगे। प्रदेश में उच्च शिक्षा के क्षेत्र में विकास के लिये रोड मेप तैयार करने के मकसद से यूजीसी के चेयरमेन डॉ. डी.पी. सिंह, शिक्षाविद् श्री अनिल सदगोपाल के साथ देश के शिक्षाविद् अपने विचार रखेंगे। स्कूल शिक्षा के क्षेत्र में समग्र विकास के लिये नीति आयोग के सलाहकार श्री प्रेम सिंह, मानव संसाधन विकास मंत्रालय के ज्वाइन सेक्रेटरी श्री संतोष कुमार यादव, वर्ल्ड बैंक की लीड एजुकेशनल स्पेशलिस्ट सुश्री शबनम सिन्हा भी शामिल होंगी। कौशल विकास और तकनीकी शिक्षा के विकास के लिये देश के ख्याति-प्राप्त विशेषज्ञ भी वेबीनार में शामिल होकर अपने विचार साझा करेंगे। वेबीनार में शिक्षा और स्वास्थ्य के लिये 4 उप-समूह तैयार किये गये हैं। स्वास्थ्य के पहले समूह को श्री फैज अहमद किदवई, हायर एजुकेशन उप-समूह को श्री अनुपम राजन, स्कूल एजुकेशन के ग्रुप को श्रीमती रश्मि अरुण शमी और कौशल विकास और टेक्निकल एजुकेशन के ग्रुप को श्रीमती करलिन खोंगवार लीड करेंगी।

# आज लोकतंत्र और संविधान पर हमले हो रहे है : कमलनाथ



कांग्रेस ने गोरों से देश बचाया था अब सौदागरों से लोकमत बचायेगी

**भोपाल ।** आजादी के आंदोलन की पवित्र भावना के साथ आज देश में कुछ राजनीतिक दल धोखा कर रहे हैं। अंग्रेजों के हाथ से इस देश की आजादी इसलिए छीनी गई थी कि हम खुद अपनी जनता के हाथ में सत्ता सौंपेंगे। जनता तय करेगी कि कौन उसका शासन संभालेगा। संविधान के माध्यम से जनता का जनता के लिए शासन स्थापित किया गया। हर 5 साल में जनता अपने लिए एक सरकार चुनती है मगर आज पैसे के बल पर प्रलोभन के बल पर जनता के द्वारा दिए गए लोकमत को खरीद कर बहुमत बनाया जा रहा है। अब कोई भी सरकार वोट से चुनी जाए ।उसे भाजपा के लोग आसानी से सौदों से गिरा रहे हैं। संवैधानिक संस्थाएं पंगु हो गई हैं। अगस्त क्रांति दिवस के मौके पर स्वतंत्रता सेनानियों के सम्मान में आयोजित कार्यक्रम में कमलनाथ ने कहा कि हमारे स्वतंत्रता सेनानियों ने अंग्रेजों भारत छोड़ो का नारा दिया था और बहन आसफ अली ने ग्वालिया टैंक पर आज के ही दिन.पवित्र तिरंगा झंडा फहराया था। पूर्व मुख्यमंत्री एवं कांग्रेस अध्यक्ष कमल नाथ ने अपने निवास पर स्वतंत्रता सेनानियों का सम्मान करते हुए यह उद्गार प्रकट किए। उन्होंने कहा कि हम इन स्वतंत्रता सेनानियों के ऋणी हैं जिनकी बहादुरी ,साहस और एक-निष्ठा से यह देश आजाद हुआ। मुझे खुशी है कि आज मेरे घर इतने पवित्र सेनानी पधारे हैं, मैं उनका आभारी हूं। आज उनसे में निवेदन करना चाहता हूं कि कांग्रेस लोकतंत्र और संविधान को बचाने की लड़ाई लड़ रही है ।देश की बड़ी-बड़ी संस्थाएं बेची जा रहीं हैं, रेलवे बेचा जा रहा है नवरत्न कंपनियां बेचीं जा रहीं हैं इस लड़ाई को लड़ने में आप कांग्रेस को आशीर्वाद दीजिए। आपकी भावनाएं लेकर हम इस लड़ाई को अंजाम देंगे।आपने गोरों को हराया था हम सौदागरों को हरायेंगे। श्री नाथ ने शाल और श्रीफल भेंट कर मुफ्ती अब्दुल रज्जाक साहब रिटायर्ड आईएएस देवी शरण डॉक्टर एनके मिश्रा मोहम्मद मुख्तार खान मोहम्मद नजर एवं श्रीमती कमल कलावती मिश्रा का स्वागत किया कार्यक्रम की रूपरेखा पर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष चंद्रप्रभाष शेखर ने प्रकाश डाला ।प्रदेश कांग्रेस कमेटी विचार विभाग के अध्यक्ष भूपेंद्र गुप्ता ने कार्यक्रम का संचालन किया। कार्यक्रम में पूर्व विधानसभा अध्यक्ष एनपी प्रजापति, कांग्रेस उपाध्यक्ष राजीव सिंह, कोषाध्यक्ष प्रकाश जैन, महिला कांग्रेस अध्यक्ष मांडवी चौहान,मोहम्मद सलीम, विभा पटेल आनंद तारण, फिरोज सिद्दीकी मोहम्मद सलीम जितेंद्र मिश्रा विजय सरवैया सहित दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## स्वतंत्रता सेनानी का भोपाल कलेक्टर द्वारा सम्मान



भोपाल (पुष्पांजली टुडे)।

भारत छोड़ो आंदोलन की78वी बर्षगाँठ पर आज कलेक्टर भोपाल अविनाश लवानिया एवं डीआईजी इरशाद वली ने जिले के स्वतंत्रता संग्राम सेनानी अनिरुद्ध प्रसाद शास्त्री और उनकी धर्मपत्नी क । उनके निवास पहुंच कर श्रीफल देकर और शॉल उढ़ाकर कर सम्मान और अभिनन्दन किया।

# दिग्विजय ने की मांग... एमपी बोर्ड से पास युवाओं को ही मिले सरकारी नौकरी

**भोपाल।** मध्यप्रदेश में होने वाले विधानसभा के उपचुनाव को लेकर सियासत तेज हो गई है। कांग्रेस भाजपा सरकार के खिलाफ लगातार हमले बोल रही है। मध्यप्रदेश के पूर्व सीएम दिग्विजय सिंह ने कहा कि प्रदेश में बेरोजगरी बढ़ती जा रही है। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश में केवल उन्हीं युवाओं को नौकरी दी जाए जो लोग एमपी बोर्ड से 10वीं और 12वीं की परीक्षा पास हैं। पूर्व सीएम दिग्विजय सिंह ने कहा- मध्यप्रदेश के बेरोजगारों की समस्या बढ़ती जा रही है। जिनके पास रोजगार था वे भी कोरोना संकट काल में बेरोजगार होते जा रहे हैं। कांग्रेस की मांग है कि मप्र सरकार उन्हीं को नौकरी में ले जिन्होंने 10वीं कक्षा मप्र से पास की हो जैसा



कि मेरे मुख्यमंत्रित्व कार्यकाल में नियम था। दिग्विजय सिंह ने कहा- मैंने अपने कार्यकाल में युवाओं को मदद देने के लिए मैंने एक नियम बनाया था कि 10 और 12वीं जो एमपी के लोगों को ही शासकीय नौकरी देंगे। लेकिन भाजपा की सरकार आते ही इस नियम को बदल दिया गया और आज भी ये नियम लागू है। मैं सरकार से मांग करता हूं कि मध्यप्रदेश में फिर से ये नियम लागू करें कि एमपी के लोगों को ही रोजगार मिले। बता दें कि मध्यप्रदेश के पूर्व सीएम कमलनाथ ने भी स्थानीय रोजगार को लेकर बड़ा बयान दिया था। मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने के बाद उन्होंने कहा था- मध्यप्रदेश में ऐसे उद्योगों को सरकारी छूट दी जाएगी जिनमें 70 प्रतिशत नौकरी मध्यप्रदेश के लोगों को दी जाएगी। बिहार, उत्तर प्रदेश जैसे राज्यों के लोगों के कारण मध्य प्रदेश में स्थानीय लोगों को नौकरी नहीं मिल पाती है। कमलनाथ के इस बयान के बाद मध्यप्रदेश में भाजपा और कई युवा संगठनों ने सरकार के इस बयान पर आपत्ति भी जताई थी।

# राज्यपाल पटेल कर्मचारी आवासों का करेंगी लोकार्पण

**भोपाल।** राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल सोमवार 10 अगस्त को प्रात: 11:30 बजे भोपाल आएंगी। वे शाम 5 बजे राजभवन में नवनिर्मित 40 कर्मचारी आवासों का लोकार्पण करेंगी। उल्लेखनीय है कि श्रीमती पटेल ने ही 16 जून 2018 को 13 करोड़ 21 लाख रुपए से अधिक लागत की 84 आवास निर्माण परियोजना का राजभवन में भूमि-पूजन किया था। परियोजना के प्रथम चरण में चालीस आई टाइप आवास का निर्माण पूरा हो गया है। प्रत्येक आवास में एक हॉल, किचन, स्टोर, लैट-बाथ और वॉश एरिया है। परियोजना में पार्क, पार्किंग और बाल उद्यान की व्यवस्था भी की गई है।



# मप्र के 12876 सरकारी स्कूलों पर जड़ेंगे ताले

## राज्य शिक्षा केंद्र ने दिए स्कूलों की समीक्षा करने के आदेश

**भोपाल ।** मध्यप्रदेश में पहली खेप में 12 हजार 876 सरकारी स्कूलों को बंद करने की तैयारी चल रही है। राज्य शिक्षा केंद्र ने एक आदेश जारी कर जिले के अधिकारियों से कहा कि उन स्कूलों की समीक्षा की जाए जहां छात्रों की संख्या 0 से 20 है। ऐसे स्कूलों को समीप के स्कूलों में मर्ज कर शिक्षकों की सेवाएं कार्यालय या फिर अन्य स्कूलों में ली जाएं। प्रदेश में सरकारी स्कूलों को बंद करने का सिलसिला शुरू होने वाला है। इसके लिए प्रदेश भर में समीक्षा शुरू होगी। राज्य शिक्षा केंद्र की सूची में भोपाल, इंदौर, ग्वालियर और जबलपुर संभाग के जिलों में सबसे ज्यादा स्कूल बंद होंगे। ?जिन जिलों में 20 छात्र संख्या वाले स्कूल है उनमें भिंड में 358, देवास में 300, बड़वानी में 326, राजगढ़ में 429, विदिशा में 368, खरगोन में 365, नरसिंहपुर में 341, छिंदवाड़ा में 518, सिवनी में 550, मंडला में 513, बालाघाट में 360, रीवा में 493 तथा सतना में 606 सरकारी स्कूल शा ?मिल है। इसी तरह शून्य छात्र संख्या वाले जिले भिंड-16, श्योपुर-10, देवास-18,शिवपुरी-16, उज्जैन-19, इंदौर-10,धार-21,खरगोन-27, सागर-48,दमोह-27,पन्ना-27 सहित अन्य जिलों में भी शून्य छात्र संख्या वाले स्कूल बंद होंगे। स्कूल शिक्षा विभाग के नियमानुसार मिडिल स्कूल संचालित करने के लिए 20 से ज्यादा छात्र होना आवश्यक है तो वहीं प्रायमरी स्कूल में उस स्थिति में ही संचालित हो सकते हैं जब 40 छात्र होंगे।

# उपचुनाव तय करेगा दिग्गज नेताओं का भविष्य

## - शिवराज, कमलनाथ और ज्योतिरादित्य सिंधिया का भविष्य दांव पर

**भोपाल ।** प्रदेश में 27 सीटों पर उपचुनाव कब होंगे इस पर संस्पेंस बरकरार है। जिन विधानसभा क्षेत्रों में चुनाव होना है वहा कोरोनावायरस का संक्रमण तेजी से फैल रहा है। 27 में से 16 विधानसभा क्षेत्र तो अकेले ग्वालियर-चंबल संभाग के हैं। यहां संक्रमण के चलते हालत चिंताजनक होते जा रहे हैं। मध्य प्रदेश के इतिहास में ये पहला मौका होगा जब एक साथ 27 विधानसभा क्षेत्रों में उपचुनाव होगा। इन सीटों के नतीजे सरकार के साथ भाजपा और कांग्रेस के बड़े नेताओं का भविष्य भी तय करने वाले कहे जा रहे हैं। राजनीतिक गलियारों में कयास ये भी लगाए जा रहे हैं कि आने वाले समय में चुनाव 27 से भी ज्यादा करीब 35 विधानसभा क्षेत्रों में हो सकते हैं। चुनाव परिणाम के बाद सत्ता किसकी होगी। कमलनाथ फिर से कांग्रेस की सरकार बनाएंगे या फिर शिवराज ही राज करेंगे ? ये सब चुनाव परिणाम पर ही निर्भर करेगा। इसलिए 27 सीटों पर होने वाले चुनावों को प्रदेश में मिनी विधानसभा चुनाव भी कहा जा रहा है। ऐसा कहना इसलिए भी लाजमी है कि प्रदेश में 16 साल में 30 विधानसभा सीटों पर उपचुनाव हुए,




लेकिन 15वीं विधानसभा में पहली बार एक साथ 27 सीटों पर उपचुनाव होंगे। इस चुनाव में भाजपा और कांग्रेस के दिग्गज नेताओं का भविष्य दांव पर लगा हुआ हा। शिवराज सिंह चौहान, ज्योतिरादित्य सिंधिया और कमलनाथ का आगे का राजनीतिक रास्ता कैसा होगा ये सब चुनाव नतीजे ही बताएंगे। हालांकि रिक्त हुए विधानसभा क्षेत्रों से जो रुझान मिल रहे हैं उनके अनुसार चुनाव में दोनों ही पार्टियों को भितरघात का खतरा ज्यादा है। इसकी वजह भी नजर आती है। कांग्रेस छोड़ भाजपा में शामिल हुए 25 पूर्व विधायकों का तो भाजपा से चुनाव लडना निश्चित है। इससे क्षेत्र के भाजपा नेताओं का भविष्य दांव पर लग गया है। कांग्रेस के पास कई क्षेत्रों में चुनाव मैदान में उतारने के लिए उम्मीदवारों का टोटा है। इसलिए कांग्रेस अब भाजपा के हारे और वरिष्ठ नेताओं को अपने पाले में लाने का प्रयास कर रही है। उसे अपनी इस मुहिम में सफलता भी मिल रही है। पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ भाजपा के ऐसे असंतुष्ट नेताओं से खुद मुलाकात कर रहे हैं। हालांकि प्रदेश में अब तक हुए उपचुनाव के रुझान कहते हैं कि सत्ता जिसकी होती है मतदाता उसी का साथ देते हैं। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह के बीते 3 कार्य कालों में वर्ष 2004 से 2019 तक हुए 30 सीटों के उपचुनावों में 19 सीटों भाजपा जीती, यानी 63.33 प्रतिशत। भाजपा ने अपनी 13 सीटें बचाई, तो कांग्रेस की 6 सीटें छीनी थी। हालांकि उसे 6 सीटें गंवानी भी पड़ीं, जबकि कांग्रेस 10 सीटें ही जीत सकीं यानी 33.33 प्रतिशत। वह चार सीटें छीनने में कामयाब रही। ऐसे में कांग्रेस को अपने खाते की सीटें बचाने के लिए भाजपा से कड़ी चुनौती मिलना तय है।

संपादकीए

## फिर लगी आग

अहमदाबाद के बाद अब आंध्र प्रदेश के विजयवाड़ा शहर में कोविड सेंटर के रूप में प्रयोग किए जा रहे एक होटल में भीषण आग लग गई। इस घटना में सात लोगों की मौत हो गई और 30 लोगों को सेंटर से बाहर निकाला गया है। वहीं, इस घटना में कई लोग घायल भी हुए हैं। फिलहाल, दमकल विभाग मौके पर पहुंचकर आग बुझाने में जुटा हुआ है। साथ ही राहत बचाव का कार्य जारी है। वहीं, सूबे के मुख्यमंत्री जगन मोहन रेड्डी ने अधिकारियों को दुर्घटना की जांच करने का आदेश दिया है। अहमदाबाद की घटना में 9 लोगों की मौत हुई थी। यह दोनों घटनाएं अस्पताल प्रबंधन की लापरवाही की इंतहा के रूप में सामने आई हैं। यह एक विचित्र स्थिति है कि मौजूदा समय में कोरोना महामारी के मद्देनजर जिन अस्पतालों को सबसे ज्यादा सावधानी, चौकसी और सुव्यवस्थित जगहों के रूप में देखा जा रहा है, वहां भी इस तरह के हादसों की स्थितियां बनने दी जाती हैं। अमदाबाद के नवरंगपुरा में स्थित अस्पताल के आइसीयू में गुरुवार तड़के तीन बजे आग लगी और वह पूरे अस्पताल में फैलती चली गई। रात में इस वक्त आमतौर पर लोग नींद में होते हैं और अचानक किसी हादसे की स्थिति में तुरंत अपने बचाव की पर्याप्त कोशिश नहीं कर पाते। ऐसा ही कुछ विजयवाड़ा में हुआ, जिसमें 7 लोगों की नाहक जान चली गई। हालांकि बाद में अग्नि शमन दस्ते ने आग पर काबू पा लिया और कई लोगों की जान बचाई जा सकी। इसके बावजूद यह अफसोसनाक यह है कि जिस होटल या कहें अस्पताल में यह हादसा हुआ, वह कोविड-19 के मरीजों के इलाज के लिए खासतौर पर तैयार किया गया था। यानी जब विशेष व्यवस्था और सुरक्षा प्राप्त अस्पताल में लापरवाही का यह आलम है तो लोग और कहां से उम्मीद करें! अब एक रिवायत की तरह सरकार ने मामले की त्वरित जांच कराने और हादसे में मृतकों के परिजनों और घायलों को मुआवजा देने की घोषणा की है। क्या हादसे के बाद दुख जताने या मुआवजे की औपचारिकता से मृतकों या उनके परिवारों को होने वाले नुकसान की वास्तविक भरपाई हो पाती है! सवाल है कि ऐसी किसी बड़ी और जानलेवा घटना के बाद ही सभी संबंधित महकमों की सक्रियता क्यों दिखाई देने लगती है! अगर अस्पताल में व्यवस्था से संबंधित हर चीज की समय पर जांच और उसमें आई गड़बड़ी को दुरुस्त करने को लेकर चौकसी बरती जाए तो इस तरह के हादसों से बचा जा सकता है। लेकिन देश भर में इस तरह अस्पतालों में आग लगने की घटनाएं बार-बार सामने आने के बावजूद बाकी जगहों पर उससे सबक नहीं लिया जाता और जरूरी सावधानी नहीं बरती जाती। अमदाबाद और आंध्रप्रदेश दोनों जगह कोविड के मरीजों के इलाज के लिए विशेष रूप से चिह्नित जिस अस्पताल में आग लगी, उसमें आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट बताया गया है। ज्यादातर बहुमंजिला इमारतों में शॉर्ट सर्किट को ही आग लगने के आम कारण के रूप में दर्ज किया जाता है। फिर ऐसा क्यों होता है कि समय रहते ऐसे उपाय नहीं किए जाते, ताकि शॉर्ट सर्किट न हो और आग लगने जैसे हादसे से बचा जा सके?

# नयी नीति से शिक्षा में सुधार की आस

हेमलता अग्रवाल

जैसे कुशल शिल्पी भित्ति-गात्र में मूर्तियों को उभार देता है वैसे ही एक शिक्षक साधारण बालक के भीतर से असाधारण प्रतिभा को उभार देता है। किन्तु भारत में सभी बालकों को एक ही साँचे में ढाले जाने की शैक्षणिक व्यवस्था अंग्रेजों के समय से चलती चली आ रही है। अब इसमें बहुत से परिवर्तन कर इसे राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2019 के रूप में तैयार किया गया है। अभी तक शासकीय विद्यालयों में पूर्व प्राथमिक शिक्षा न होने के कारण वे पिछड़ते गए और निजी विद्यालय नर्सरी कक्षाएँ चला कर बच्चों को अपनी ओर ले जाने में सफ़ल हुए। नई नीति में अब शालेय शिक्षा 12 के स्थान पर 15 वर्ष (5+3+3+4) की कर दी गई है। तीन से आठ वर्ष के बच्चे (नर्सरी से कक्षा 2 तक) पूर्व - प्राथमिक के नाम से पढ़ेंगे। इसे बुनियादी शिक्षा भी कहा गया है। यह लचीली और सहज और खेल-कूद पर आधारित होगी, बच्चों को बचपन से ही तीन भाषाएँ सिखाने का प्रावधान किया गया है किन्तु बुनियादी शिक्षा का माध्यम (मीडियम) मातृभाषा/प्रादेशिक भाषा हो ऐसी अनुशंशा की गई है। प्राथमिक शिक्षा अब तीन वर्ष (कक्षा 3-5) तक होगी। इसके बाद तीन वर्ष की माध्यमिक शिक्षा (कक्षा 6-8) तक होगी। कक्षा 6 में बच्चों को भाषा-परिवर्तन की छूट रहेगी। माध्यमिक शिक्षा में विशेष बात यह होगी कि बच्चे को यहीं से कौशल विकास (हुनर) का प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसमें बिजली का काम, बागवानी, लकड़ी का काम



(कारपेंटरी),खेल, योग ,नृत्य, संगीत,शिल्प आदि की शिक्षा देने की बात कही गई है। ध्यान देने योग्य बात यह है कि अभी तक इन पाठ्यक्रमों की चर्चा कॉलेज स्तर पर ही प्रारंभ हो पाती थी। इंजीनियरिंग में जाकर जो बच्चे कारपेंटरी,रेत छनना (ग्रेडिंग ऑफ़ सेंड ) का ज्ञान सीखते थे वैसा प्रशिक्षण अब माध्यमिक स्तर से ही प्रारंभ होने की संभावना है। शालेय शिक्षा में एक बड़ा परिवर्तन उच्च माध्यमिक स्तर में भी किया गया है यहाँ हाई स्कूल और हायर सेकेंडरी को समाप्त कर चार वर्ष (कक्षा 9-12) के लिए बहु-अनुशासनिक अध्ययन/पाठ्यक्रम की व्यवस्था की गई है। इसमें चार वर्ष में आठ सेमेस्टर होंगें। प्रत्येक सेमेस्टर में 5 से 6 विषय होंगे इस प्रकार कुल 40 से अधिक विषय पढ़ने होंगे इनमें से 15 के आस-पास विषय विद्यार्थियों द्वारा अपनी रूचि के अनुसार तय किये जाएँगे। इनका मूल्यांकन/ आँकलन विद्यालय स्तर पर ही होगा और शेष 24 विषयों (प्रति सेमेस्टर 3) का मूल्याँकन बोर्ड द्वारा किया जाएगा। विद्यार्थियों के मूल्यांकन के लिए समेटिव के स्थान पर फोर्मेटिव पद्दति को अपनाने पर जोर दिया गया है। इस नीति में उच्च माध्यमिक स्तर पर ही विदेशी भाषा जैसे फ्रेंच, जर्मन, स्पेनिश अदि सीखने का अवसर प्रदान किया जायेगा। अब तक कौशल से संबंधित जिन गति-विधियों को करीकुलर या को-करीकुलर कहा जाता था वे अब पाठ्क्रम का हिस्सा हो जाने से उनके अध्ययन-अध्यापन के प्रति गंभीरता बढ़ेगी। नई नीति में समेकित विद्यालय (स्कूल काम्प्लेक्स ) बनाने पर बल दिया गया है। अब तक प्राथमिक, माध्यमिक और हायर सेकेंडरी विद्यालय प्रथक-प्रथक होने के कारण ग्रामीण अंचल के बच्चे प्राथमिक के बाद पढाई छोड़ देते हैं। इसके साथ-साथ संसाधनों का पूर्ण उपयोग नहीं हो पाता या कहीं-कहीं बहुत अभाव रह जाता है। समेकित केम्पस होने से संगीत,भाषा,कला एवं कौशल आदि के शिक्षकों का ठीक प्रकार के नियोजन किया जा सकेगा। हमारी शिक्षा व्यवस्था में अब तक एक बिडम्बना यह भी रही है कि यहाँ बच्चों में संकाय को लेकर हीनग्रन्थि पाली जाती है। कहीं-कहीं गणित पढ़ने वाले को कला संकाय वाले से श्रेष्ठ माना जाता है। जब कि यह सोच शिक्षा शास्त्र के मूल सिद्धांतों के विरुद्ध है। इसके अतिरिक्त विज्ञान का विद्यार्थी कला-संगीत में रूचि होने के पश्चात भी उन विषयों को पढ़ नहीं पता। नई नीति में विज्ञान और कला के इसे कठोर विभाजन को समाप्त कर दिया है। बेटियों की सुरक्षा और आवागमन के लिए भी सुझाव दिए गए हैं,बेटियों के आवास और भोजन को लेकर नवोदय विद्यालय जैसी व्यवस्था को अनुकरणीय माना गया है। कमजोर विद्यार्थी या जिन्होंने पढ़ाई छोड़ दी है को पढ़ाने के लिए अनुदेशक (इंस्ट्रक्टर) रखने की बात कही गई है।

विधा - कविता

## विषय - मैं मिलूंगा तुम्हें वही प्रिये

राधा मैं तुम बिन हूँ आधा।
तुमने मेरा तन - मन साधा।
नही भूल सकूंगा मैं तुम्हें प्रिये,
तुम जहाँ पुकारोगी हे राधे,
मैं मिलूंगा तुम्हें वही प्रिये।।

मैं मिलूंगा तुम्हें वही प्रिये।।

मैं मोहन हूँ तेरा मुरलीवाला,
नंद का दुलारा, यशुदा का लाला,
जो भी हो मेरी प्रिये राधे,
मैं हूँ तेरी वैजयंतीमाला,
तेरे पड़ूंगा मैं गले प्रिये।

मैं मिलूंगा तुम्हें वही प्रिये



वंशीवट से यमुना तट पर,
यमुना जी के हर पनघट में,
गोपी ग्वालो के तन मन मे,
जग के कण कण, घट घट में,
मैं मिलूंगा तुम्हें सदा प्रिये।

मैं मिलूंगा तुम्हें वही प्रिये।।

मैं गाय चराने जाता हूँ,
मन शांत एकांत न पाता हूँ,
मन भटका भटका रहता है,
जब तेरी एक झलक न पाता हूँ,
तुम बिन न जी सकूंगा मैं प्रिये।

मैं मिलूंगा तुम्हें वही प्रिये।।

तुम जब भी मुझे पुकारोगी,
अंग संग अपने तुम पाओगी,
हम एक दूजे के हैं पूरक,
कैसे खुद को समझाओगी,
तेरे मन में रहूँगा सदा प्रिये।

मैं मिलूंगा तुम्हें वही प्रिये।।
मैं मिलूंगा तुम्हें वही प्रिये।।

आशुकवि प्रशान्त कुमार÷पी.के.÷
पाली, हरदोई (उत्तर प्रदेश)
8948892433

# गिरती हुई मानसिकता का शिकार होता समाज

समाज में व्याप्त गंदगी सम्पूर्ण समाज को दूषित कर देती है। आज ऐसा कोई दिन नहीं जब हम छेड़छाड़, बलात्कार या यौन उत्पीडन की घटनाओं के बारे में न सुनते हो। हमारे समाज में कुछ लोग हैं जिनकी सोच बहुत संकीर्ण है, जिनके लिए स्त्री केवल भोग की वस्तु है,इसी मानसिकता का शिकार बहुत सारी छोटी बच्चियां भी हुई,जैसा कि कानपुर के बालिका गृह में हुआ। अभी कुछ दिन पहले एक 5 साल की बच्ची बलात्कार की शिकार हुई और अब दिल्ली में 12 साल की बच्ची के साथ निर्भया जैसी घटना घटित हुई। ऐसी घटनाएं सुनकर जहां मन व्यथित हो जाता है वहीं इंसानियत पर से भी भरोसा उठने लगता है। यहां सवाल उठता है कि आखिर क्यों हमारी मानसिकता का स्तर इतना गिर रहा है कि हम इंसानियत और संवेदनाओं को पूर्णता भुलाते जा रहें हैं? जवाब है अश्लीलता का बढ़ता चलन और समाप्त होती मर्यादा। आज पोर्न वेबसाइट्स का बोलबाला है,हर कोई इंटरनेट पर इन्हें ही देखता रहता है टीवी,, इन्टरनेट ने जहां मनोरंजन प्रदान किया है वहीं अश्लीलता को भी बढ़ाया है। मुझे समझ नहीं आता अश्लीलता से कौन सा मनोरंजन होता है,जो अश्लीलता को मनोरंजन के साथ जोड़ दिया गया है। हमें सोचना चाहिए कि हमारे समाज को दूषित होने से बचाने के लिए हमें अपने-अपने स्तर से हर संभव प्रयास करना होगा। जिससे अश्लीलता रोकी जा सके। कुछ लोगों का मानना है कि टीवी, इन्टरनेट अश्लीलता पर प्रतिबंध नहीं लगाते, लगातार इसमें बढ़ोतरी करते हैं,इसका भी एक आसान तरीका है,अगर हमारे समाज में अश्लीलता का पूर्णता विरोध किया जाये, लोग अश्लील सामग्री न देखें तो अश्लील सामग्री मनोरंजन के रुप में परोसना बंद हो जायेगी और हमें अश्लीलता रहित मनोरंजन प्राप्त होगा। जिससे लोगों की सोच और विचारों में भी परिवर्तन आयेगा और सबसे अच्छी बात बलात्कार तथा यौन हिंसा के अपराध भी नहीं होंगे। मुझे विश्वास है कि हमारा समाज और यहां व्याप्त संकीर्ण मानसिकता समाप्त होगी।

जय हिन्द जय भारत



अंकिता जैन %अवनी%
लेखिका/ कवयित्री
अशोकनगर मप्र

श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर विशेष...........

## कृष्ण कन्हैया लाल की

भादौं की घनघोर भयानक,औ% अँधियारी रात में।
वसुदेव जी लिये लाल को,भीग रहे बरसात में।

बढ़ी हुई यमुना उफान पर, घर घर शोर मचाती है।
जिसका भय प्रद स्वर सुन करके,रूह काँप सी जाती है।

है किसको परवाह जान की,चिंता किसको काल की।
चिंता तो है वसुदेव को,कृष्ण कन्हैया लाल की।

बिठा टोकरी सिर पर रख कर,चले बचाने जान को।
जो सबकी हैं रक्षा करते,उन्हीं कृष्ण भगवान को।

लीलाधर की लीला देखो,सब निर्भर जगदीश पर।
आज टोकरी में छुप बैठे,वही पिता के शीश पर।

रखे शीश पर शिशु कान्हा को,आगे बढ़ते जाते हैं।
स्वयं ब्रह्म को आज बचाने,को आकुल घबराते हैं।

धीरे-धीरे जल की धारा,उन्हें डुबोती जाती है।
प्रभु के %कोमल% पद कमलों को,छूने को ललचाती है।

प्रभु के पद-पंकज छूने में,बाधा है यह बड़ी विकट।
मेरी धार बढ़ी यदि ऊपर, वसुदेव पर जीवन संकट।

अन्तर्यामी प्रभु ने पढ़ ली,कालिन्दी के मन की भाषा।
पद-पंकज नीचे लटकाये,यमुना कर पूरी अभिलाषा।

गरज रहीं घनघोर घटाएं,बरस रही जल धार प्रबल।
शेषनाग ने छाया करके,अपना जीवन किया सफल।

?



?श्याम सुन्दर श्रीवास्तव %कोमल%
लहार,भिण्ड,म0प्र0 स्वरचित एवं मौलिक

लड़की की शादी के समय सब अपनी जिम्मेदारी निभाने की कोशिश में लगे अक्सर लड़की से उसके एहसासों पर बात नही करते। आज की मेरी स्वरचित एवं मौलिक कविता इसी भाव पर आधारित है। कविता का शीर्षक है-

## डोली सज गई



कहते बाबा
डोली सज गई
बाबा की बिटिया की
बहुत दिनों से
देखे सपना जो
हुआ पूरा वो

बोली अम्मा
डोली सज गई
मेरी गुड़िया की
करूँ विदा
फिर नहाऊं गंगा
आखिरी काज जो

रोए भैया
डोली सज गई
बहना प्यारी की
आएगी राखी पर
इंतज़ार करा के
बहुत सारा तो

बहन प्यार से बोली
डोली सज गई
बड़ी बहना की
आएगा मेरा नंबर अब
हो जाउंगी पराई
जैसे हुई तू

खुद से बोलूँ
हाँ डोली सज गई
तुम सबके अरमानों की
लगे ऐसे जब डोली सजी
हुआ सबका स्वार्थ पूरा
जो रखा मेरे जन्म से वो
कोई मुझसे न पूछे
मेरे एहसासों को..
डॉ. लता (हिंदी शिक्षिका)
नई दिल्ली

## मेरे बदरा तेरे लबो से टकरा गए।

हे जिंदगी,ये भीगे से जज्बात बस तेरे मंजिल के नाम है,

और ये डुबे से रास्तें तेरे घर के आंगन के नाम है।

पर तूने मुझे बादलों से बारिश बना कर कही और खड़ा कर दिया।

जहा से दूर दूर तक भी, तेरे मंजिल का कोई नाम नहीं है।

फिर भी बादलों की बारिश बन कर तेरे शहर में बरस रहा हूँ।

अनजान हवा बन कर तेरा गुमनाम रास्ता ढूंढ रहा हूँ।

अचानक मेरे बदरा तेरे लबो से टकरा गए।



और अपने लबो से चुम कर इस बारिश को अपना बना ले।

मेरी बारिश में तेरे गुमनाम रास्तो को भीगने दे।

भीगी बारिश में कही से वो रास्ता मिल जाहे,

जहा गीले पावों से चलकर जो सकून मिलता है ,

वो तेरे गुमनाम शहर में कहा।

मुझे मेरी मंजिल ना भी मिले,

पर तेरे गुमनाम शहर में ना बरसने का गम भी नहीं होता।

उस भीगे रास्ते में फिर से बरसने का मौका तो दे,

जिंदगी भर की खुशी ना दे सको तो ,पल भर की खुशी तो दे।

मेरी मंजिल कुछ और थी पर मेरे बदरा तेरे लबो से टकरा गए।

फिर तेरे शहर में तूफान आये तोह आने दे।

तेरे आखों की काजल मेरे बदरा में मिल कर,

तेरी जुल्फों से मेरे चिंगारिया बिजली बन कर गिर रही है।

उस तूफान में तुम और मैं बारिश बन कर,उस गुमनाम सड़को पे बह जाये।

तुम और मैं मिट्टी का लिबास बन कर एक दूजे पे लिपट जाये।

सिलिस्ती करुरिया
अजमेर(राजस्थान)

# राष्ट्रीय चेतना का उद्घोष अयोध्या में श्रीराम मंदिर निर्माण

अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि पर भव्य मंदिर निर्माण के शुभारंभ का ऐतिहासिक कार्यक्रम भारत की सनातन संस्कृति पर आधारित परम वैभवशाली राष्ट्र के पुनर्जागरण की गगनभेदी रणभेरी था। भारत के सभी प्रमुख संतों-महात्माओं की उपस्थिति में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शास्त्रीय विधि के अनुसार पूजन किया। मर्यादा पुरूषोत्तम श्रीराम को समर्पित इस कार्यक्रम में सभी प्रकार की मर्यादाओं का ध्यान रखा गया। प्रधानमंत्री सहित मंच पर विराजमान सभी महापुरूषों ने अयोध्या आंदोलन के नायक स्वर्गीय अशोक सिंघल जी सहित उन सभी राम भक्तों को स्मरण किया, जिन्होंने गत पांच शताब्दियों में श्रीराम जन्मभूमि मुक्ति आंदोलन में अपने प्राणों की आहुतियां दीं। इस आयोजन ने भारत सहित पूरे विश्व को राममय कर दिया। कार्यक्रम के प्रारंभ में राष्ट्रीय स्वंयसेवक संघ के सरसंघचालक मोहन भागवत ने कहा कि आज हम सब संकल्प पूर्ति के आनंद का



अनुभव कर रहे हैं। आज राष्ट्र के वैभवशाली स्वरूप की आधारशिला रखी गई है। हमें अपने मन मंदिर में भी अयोध्या धाम को बसाना चाहिए। सभी प्रकार के भेदभावों को हटाकर श्रीराम के संदेश पर चलने का संकल्प लेना है। प्रधानमंत्री ने अपने भाषण का प्रारंभ करते हुए कहा ‍राम काज किए बिना मोहे कहां विश्राम ‍ उन्होंने इसी एक वाक्य से ही गत 492 वर्षों के संघर्ष की याद ताजा कर दी। प्रधानमंत्री के अनुसार जिस तरह लाखों बलिदानों के पश्चात 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस का शुभावसर आया, ठीक उसी प्रकार 5 अगस्त का दिन भी भारत के इतिहास में श्रीराम जन्मभूमि मुक्ति दिवस के रूप में ऐतिहासिक दिन कहलाएगा। भाषण में इस सत्य को उजागर किया कि श्रीराम भारत की आत्मा हैं। उनके जन्मस्थान पर बन रहा भव्य मंदिर भी भारतवासियों की आस्था, एकात्मता एवं संकल्प का प्रतीक होगा। मंदिर निर्माण का यह स्वर्णिम अवसर समस्त भारतवासियों को एकजुट होकर अपनी सनातन संस्कृति के आधार पर आगे बढ़ने का संदेश देता है। सभी भारतवासियों को अपने आदि राष्ट्रनायक का स्मरण करते हुए भारत माता के पुत्र जैसा व्यवहार करना चाहिए। श्रीराम जन्मभूमि पर मंदिर निर्माण का मुद्दा अनेक वर्षों तक इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ खण्डपीठ में लटकता रहा। अंत में 30 सितंबर सन् 2010 को ऐतिहासिक फैसला आ ही गया। फैसले में तीनों जजों ने सर्वसम्मति से स्वीकार किया कि वर्तमान में जहां रामलला विराजमान हैं, वहीं श्रीराम की जन्मभूमि हैं। माननीय न्यायाधीशों ने अपने निर्णय में यह भी कहा कि विवादित ढांचा किसी बड़े भग्नावशेष पर खड़ा था। यह 12वीं शताब्दी के राम मंदिर को तोड़ कर बनाया गया था। तीनों जजों ने विवादित ढोंचे को मस्जिद नहीं माना। ऐतिहासिक तथ्यों और भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण के चित्रण के आधार पर किए गए फैसले के बाद भी समस्त श्रीराम जन्मभूमि को तीन भागों में बांट दिया गया। विवाद और भी उलझ गया। हिन्दू पक्षकारों का मत था कि जब न्यायालय ने विवादित परिसर को श्रीराम जन्मस्थान मान लिया तो इसे तीन भागों में बांट कर तीन पक्षकारों को क्यों दे दिया। इस तरह से तो यह पांच सदियों से चला आ रहा विवाद एक स्थाई विवाद बन जाएगा। दूसरी ओर मुसलमान पक्षकारों का मत था कि न्यायालय का फैसला तथ्यों एवं सबूतों पर आधारित ना होकर केवल आस्था पर लिया गया निर्णय था। सभी पक्षकार सर्वोच्च न्यायालय में जा पहुंचे। लगभग नौ वर्षों तक यह मुकदमा सर्वोच्च न्यायालय के गलियारों में चक्कर खाता रहा।





# मानसून की मस्ती के लिए परफेक्ट है लोनावला

पुणे, मुंबई, चंडीगढ़, हरियाणा और राजस्थान के कई हिस्सों में बारिश होने की वजह से मौसम 1-2 दिन ठंडा रहा। वहीं दिल्ली और आसपास के इलाकों में भी बारिश ने मौसम को खुशगवार बना दिया। बारिश के मौसम में पहाड़ और पर्वत पूरी तरह से धुलकर हरे-भरे हो जाते हैं, झील और झरने पानी से लबालब हो जाते हैं और वॉटरफॉल्स देखने लायक होते हैं। ऐसे में अगर आप भी ऐसे नजारों को अपनी आंखों में कैद करना चाहते हैं, तो हम आपको बताने जा रहे हैं मानसून की मस्ती के लिए परफेक्ट लोकेशन। अगर आप भी मुंबई में रहते हैं और बारिश के मौसम में घूमने की बेस्ट जगह जाने के बारे में सोच रहे हैं, तो आपको ज्यादा दूर जाने की जरूरत नहीं क्योंकि मुंबई के बिलकुल पास है लोनावला।

मुंबई और पुणे जैसे शहरों के शोर और भीड़-भाड़ से दूर आप लोनावला आकर कुछ पल शांति और सुकून से बिता सकते हैं। मुंबई के बगल में होने की वजह से आपको यहां जाने के लिए ज्यादा पैसे खर्च करन की जरूरत नहीं होगी।



हिल स्टेशन्स की राजकुमारी के नाम से प्रसिद्ध तमिलनाडु का कोड्इकनाल भारत के बेस्ट मॉनसून डेस्टिनेशन्स में से एक है। पश्चिमी घाट के पलानी हिल्स में स्थित कोडइकनाल में बेहद खूबसूरत वॉटरफॉल्स, लेक्स और हरियाली से भरपूर प्राकृतिक खूबसूरती है।

नजदीकी एयरपोर्ट मदुरै है जो यहां से 135 किलोमीटर दूर है, कोयंबटूर 170 किलोमीटर जबकि बैंगलुरु से कोड्इकनाल की दूरी 450 किलोमीटर है जिसे सड़क मार्ग से 9 घंटे में पूरा किया जा सकता है। नजदीकी रेलवे स्टेशन पलानी है जो यहां से 64 किलोमीटर दूर है। मॉनसून के दौरान यह शहर और भी खूबसूरत दिखने लगता है क्योंकि बारिश के मौसम में आसपास हरियाली बढ़ जाती है और सिटी ऑफ लेक्स की सभी झीलें पानी से भर जाती हैं और इन्हें देखने का अनुभव ही कुछ अलग होता है। नजदीकी एयरपोर्ट दाबोक में हैं जो उदयपुर से 22 किलोमीटर दूर है। उदयपुर का अपना रेलवे स्टेशन भी है। इसके अलावा सड़क मार्ग से भी यह शहर देश के सभी बड़े शहरों से जुड़ा हुआ है। लिहाजा उदयपुर जाने के लिए रोड ट्रिप भी प्लान कर सकते हैं। सिटी पैले, मॉनसून पैलेस, लेक पैलेस, फतेह सागर लेक आदि। आप राजस्थान घूमने की प्लानिंग कर रहे हैं, तो जयपुर भी जरूर जाएं। आपको बारिश में घूमने के लिए कई जगह अच्छी लगेगी।

# इमारतों पर अद्भुत नक्काशी का प्रतिक है एरावतेश्वर मंदिर

तमिलनाडु राज्य में कुंभकोणम के पास दारासुरम में स्थित है एरावतेश्वर मंदिर। मंदिर की हर एक चीज़ इतनी खूबसूरत और आकर्षक है कि इसे देखने के लिए वक्त के साथ ही समझ भी चाहिए। पत्थरों पर की गई नक्काशी बहुत ही शानदार है। ऐसा माना जाता है कि मंदिर को मनोरंजन के लिए बनाया गया था। मंदिर के स्तंभ 80 फीट ऊंचे हैं। सामने के मंडपम का दक्षिणी भाग पत्थर के बड़े पहियों वाले विशाल रथ के रूप में है जिसे घोड़े खींच रहे हैं। आंगन के पूर्व में नक्काशीदार इमारतों का समूह है। जिनमें से एक बलिपीट कहा जाता है मतलब बलि देने का स्थान। बलीपीट की कुर्सी पर एक छोटा मंदिर है जिसमें गणेश जी की छवि है। चौकी के दक्षिणी तरफ शानदार नक्काशियों वाली 3 सीढियों का समूह है। यही वो सीढ़ियां हैं जिनपर पैर से हल्का सी भी ठोकर लगने से संगीत की ध्वनियां निकलती हैं। मंदिर के आंगन के दक्षिण पश्चिमी कोने में 4 तीर्थ वाला एक मंडपम है। जिनमें से एक पर यम की छवि बनी है। मान्याता है कि ऐरावत हाथी सफेद था लेकिन ऋषि दुर्वासा के शाप के कारण हाथी का रंग बदल जाने से बहुत दुःखी था, उसने इस मंदिर के पवित्र जल में स्नान करके अपना सफेद रंग पुनः प्राप्त किया। मंदिर में कई शिलालेख हैं। इन लेखों में एक में कुलोतुंगा चोल तृतीय द्वारा मंदिरों का नवीकरण कराए जाने के बारे में जानकारी मिलती है। गोपुरा के पास एक अन्य शिलालेख से पता चलता है कि एक आकृति कल्याणी से लाई गई, जिसे बाद में राजाधिराज चोल प्रथम द्वारा कल्याणपुरा नाम दिया गया, पश्चिमी चालुक्य राजा सोमेश्वर प्रथम से उसकी हार के बाद उनके पुत्र विक्रमादित्य षष्ठम और सोमेश्नर द्वितीय ने चालुक्यों की राजधानी पर कब्जा कर लिया। एरावतेश्वर मंदिर को वर्ष 2004 में महान चोल जीवंत मंदिरों की यूनेस्को वैश्विक धरोहर स्थल सूची में शामिल किया गया।



# एलोरा की गुफाओं में पर्यटकों को खूब लुभाता है कैलाश मंदिर

यह प्राचीन मंदिर महाराष्ट्र प्रदेश के औरंगाबाद से कुछ दूरी पर स्थित एलोरा केव्स में से एक है। इस मंदिर को बनाने के लिए सिर्फ एक ही पत्थर का इस्तेमाल हुआ है। आपको सुनकर हैरानी हो रही होगी लेकिन ये सच है। इस मंदिर की स्थापत्य कला और कारीगरी को देखने के लिए लोगों की भीड़ लगी रहती है।एलोरा की गुफाओं में 34 अलग-अलग मंदिर है लेकिन यह मंदिर सबसे सुदंर और प्राचीन है। 8वीं शताब्दी में बना यह मंदिर आज के ह्बड़े-बड़े कारीगरों को हैरत में डल देता है। इस मंदिर को लोग कैलाश मंदिर के नाम से जानते हैं। इस मंदिर को बनाते समय इस बात का खास ख्याल रखा गया है कि यह कैलाश पर्वत की तरह ही दिखें। इसलिए इसकी आकर्ति कैलाश पर्वत की तरह ही दिखाई देती है। इस मंदिर के लिए 400000 लाख टन पत्थरों को काट कर इसे बनाया गया और इसे बनाने में 20 साल लग गए थे। सबसे ज्यादा हैरानी की बात तो यह है की ये मंदिर दो मंजिला है। इस मंदिर का बाहरी आंगन आकार का बनाया गया है, जोकि 3 विशाल स्तंभों से घिरा हुआ है। शिव मंदिर के बाहर नंदी की एक बड़ी-सी मूर्ति बनाई गई है। मंदिर के चारों और हाथियों की प्रतिमाएं बनाई गई है। इस मंदिर को एक बार देखने से आपका मन नहीं भरेगा और आप यहां बार-बार आना चाहोगे। इस मंदिर के अंदर खिड़की, दरवाजे तथा 12 कमरे हैं और गर्भगृह में विशाल शिवलिंग स्थित है। इस मंदिर के प्रवेश द्वार के दोनों और देवी देवताओं की प्रतिमाएं खुदी हुई है, जिन्हें भगवान शिव का अनुयायी माना गया है।



# हिमाचल प्रदेश का लोकप्रिय हिल स्टेशन कुल्लु मनाली

मनाली कुल्लु घाटी के उत्तर में स्थित हिमाचल प्रदेश का लोकप्रिय हिल स्टेशन है। यहां पर आपको जंगलों से घिरी मनाली घाटी में पक्षियों का कलरव सुनाई देगा। साथ ही गिरते जलप्रपात और फ्लों से लदे बाग-बगीचे पर्यटकों को अपनी ओर आर्कषित करते हैं। कुदरत ने मनाली को सदाबहार खूबसूरती से नवाजा है। यहां हर मौसम में मस्ती, रोमांस और रोमांच का पैकेज आपको मिलेगा। मनाली का हिडिंबा मंदिर अपने चार मंजिला पैगोड़ा और लकड़ी की नक्काशी के लिए प्रसिद्ध है। सोलंग घाटी में हैंड ग्लाइडिंग के रोमांच का मजा लूटा जा सकता है। केरल को कुदरत ने बड़ी खूबसूरती से संवारा है इसलिए हनीमून के लिए केरल सबसे उपयुक्त जगह है। ऊंचे-ऊंचे पहाड़, मनोहारी समुद्री किनारा, नारियल और खजूर के पेड़ों के झुरमुट के बीच में से नाव पर सवारी, चारों ओर हरियाली और बेहद खूबसूरत नजारे, ये सब हैं केरल की खूबसूरती की असली पहचान। इन रुमानी नजारों में प्यार भरे दिलों की धड़कनें बढ़ना स्वाभाविक हैं। गोवा एकमात्र ऐसा हनीमून डेस्टीनेशन कहा जा सकता है जहां आप चाहें तो शांत सागरतट पर सपनों भरी दुनिया में खो जाएं। यह स्थान अपने आप में रोमांटिक और मनमोहक है। राजधानी पणजी के निकट मीरामार बीच है जहां शाम के समय



सूर्यास्त का दृश्य काफी सुकून भरा होगा। जब रात को खुले आसमान के नीचे बीच के किनारे अपने साथी को अपनी बांहो में लेकर घूमेंगे वह पल कितना यादगार होगा। दोना पाउला, कलंगूट, अंजुना और बागा के अलावा कई अन्य बीचों की सुंदरता देखने लायक हैं। ट्वाय ट्रेन में आप पहाड़ों और घाटियों के बीच प्रकृति के सौंदर्य को निहारते हुए सफर का आनंद ले सकते हैं। चाय के बगान और देवदार के जंगल का अति सुंदर नजारा देखा जा सकता है। हिमाचल प्रदेश की राजधानी शिमला हनीमून पर आए कपल्स के लिए बहुत ही प्यारा हिल स्टेशन है। यहां की खूबसूरती एक बार तो देखने वालों को आश्चर्यचकित कर देती है। यहां के सादगी भरे सौंदर्य में ऐसा आर्कषण है कि वापस जाने को मन ही नहीं करता। यहां पर आप बलखाती पहाड़ियों पर सुरंगों में से होते हुए ट्वाय ट्रेन का लुत्फउठा सकते हैं। ट्वाय ट्रेन के सफर के दौरान आपको बहुत सारे हसीन नजारे दिखाई देंगे जिनको देखकर आप आश्चर्य में पड जाएंगे। माल रोड पर आप शॉपिंग का आनंद ले सकते हैं। जाखू हिल्स शिमला का सबसे ऊंचा स्थान है। यहां से पूरे शहर खूबसूरती को देखा जा सकता है। मनाली की वादियां हनीमून कपल्स की सबसे पसंदीदा जगहों में से एक है।

सोमवार 10 अगस्त 2020
दैनिक पुष्पांजली टुडे





बेरुत में प्रदर्शन कारियों के विरोध ने हिंसक रुप ले लिया। इस दौरान कई लोग घायल हो गये।

# जापानी पोत से ईंधन रिसाव के बाद मॉरीशस में 'पर्यावरणीय आपातकाल' घोषित

**जोहानिसबर्ग ।** मॉरीशस ने समुद्री तट पर जापान के स्वामित्व वाले एक पोत (जहाज) के फंसने के बाद कई टन ईंधन के रिसाव शुरू हो गया। इस विषम हालात में मॉरीशसकी सरकार ने 'पर्यावरणीय आपातकाल' की स्थिति घोषित कर दी। प्रधानमंत्री प्रविंद जगन्नाथ ने इसकी घोषणा तब की जब उपग्रह से ली गई तस्वीरों में उन र्यावरणीय इलाकों के पास नीले जल में गहरे रंग का तैलीय पदार्थ फैलता दिखा जिन्हें सरकार ने 'बेहद संवेदनशील' बताया। मॉरीशस ने कहा कि यह पोत करीब 4,000 टन ईंधन ले जा रहा था और इसके निचले हिस्से में दरारें आ गई हैं। जगन्नाथ ने इससे पहले दोपहर में कहा था कि उनकी सरकार मदद के लिए फ्रांस से अपील कर रही है। उन्होंने साथ ही कहा था कि यह रिसाव 13 लाख की आबादी वाले उनके देश के लिए 'एक खतरा' है जो मुख्यत- पर्यटन पर आश्रित है और कोरोना वायरस वैश्विक महामारी के प्रभावों से बुरी तरह प्रभावित है। उन्होंने कहा, 'हमारे देश के पास फंसे हुए पोतों को फिर से प्रवाहमान बनाने का कौशल और विशेषज्ञता हासिल नहीं है, इसलिए मैंने फ्रांस और राष्ट्रपति एमैनुएल मैक्रों से मदद की अपील की है।' उन्होंने कहा कि खराब मौसम से कार्रवाई करना असंभव हो गया है और मुझे इस बात की चिंता है कि रविवार को क्या होगा जब मौसम और खराब हो जाएगा। फ्रांस का रीयूनियिन द्वीप मॉरीशस का करीबी पड़ोसी है और फ्रांस के विदेश मंत्रालय ने कहा है कि फ्रांस मॉरीशस का 'प्रमुख विदेशी निवेशक' और उसके बड़े व्यापार साझेदारों में से एक है। जगन्नाथ ने पोत 'एमवी वाकाशियो' की एक तस्वीर पोस्ट की जो खतरनाक ढंग से झुका हुआ है। मॉरीशस मौसम विज्ञान सेवा ने कहा 'समुद्र में अत्यधिक खतरा है। समुद्र में नहीं जाने की सलाह दी जाती है।'

# चीन में ब्यूबोनिक प्लेग से दो की मौत



**बीजिंग।** चीन में जहां कोरोना वायरस का पहला मामला सामने आया था अब वहीं, अब ब्यूबोनिक प्लेग से एक सप्ताह में दूसरी मौत हो गई है। जानकारी के मुताबिक, उत्तरी चीन में दूसरे व्यक्ति की मौत इस जानलेवा बीमारी से हो गई है। ब्यूबोनोयर शहर के स्वास्थ्य आयोग ने बताया कि ब्यूबोनिक प्लेग के एक मामले में कई अंग फेल होने से एक मरीज की मौत हो गई। स्वास्थ्य आयोग ने कहा कि जिस क्षेत्र में यह संक्रमित व्यक्ति रहता था उसे सील कर दिया गया है और सात करीबियों को मेडिकल निगरानी में रखा गया है। इसके बाद इन सभी लोगों का प्लेग टेस्ट नेगेटिव पाया गया है और उनमें कोई लक्षण नहीं दिख रहा है। बाओटौ शहर के स्वास्थ्य आयोग ने कहा कि गुरुवार को चिकित्सा अधिकारियों ने चार दिन पहले एक अन्य व्यक्ति की मौत का कारण, एक रहस्यमयी बीमारी बताई थी। यह व्यक्ति भी भीतरी मंगोलिया क्षेत्र में रहता था। इससे पहले जुलाई में चीन के पश्चिमी मंगोलिया में एक 15 वर्षीय के लड़के की ब्यूबोनिक प्लेग के कारण मौत हो गई थी। चीन के स्वास्थ्य मंत्रालय के मुताबिक, मरमैट जानवर का मांस खाने के कारण इस लड़के की मौत हुई थी। बता दें कि चीन का दावा है कि उसने बड़े पैमाने पर प्लेग को मिटा दिया है, लेकिन कभी-कभार मामले अभी भी रिपोर्ट किए जाते हैं। चीन में ब्यूबोनिक प्लेग का आखिरी प्रकोप 2009 में देखा गया था, जब तिब्बती पठार पर किंघाई प्रांत के निकेतन शहर में कई लोगों की मौत हो गई थी।

## भारी बहुमत से श्रीलंका की सत्ता में लौटे महिंदा राजपक्षे, चौथी बार ली प्रधानमंत्री के रूप में शपथ

**कोलंबो।** श्रीलंका के पूर्व राष्ट्रपति महिंदा राजपक्षे ने ऐतिहासिक बौद्ध मंदिर में रविवार को देश के नए प्रधानमंत्री के तौर पर शपथ ली है। श्रीलंका पीपुल्स पार्टी (एसएलपीपी) के 74 वर्षीय नेता को नौंवी संसद के लिए पद की शपथ उनके छोटे भाई एवं राष्ट्रपति गोटबाया राजपक्षे ने केलानिया में पवित्र राजमाहा विहाराय में दिलाई। महिंदा राजपक्षे नीत एसएलपीपी ने पांच अगस्त को हुए आम चुनाव में जबर्दस्त जीत हासिल करते हुए संसद में दो तिहाई बहुमत हासिल किया है। इस बहुमत के आधार पर वह संविधान में संशोधन कर पाएगी जो सत्ता पर शक्तिशाली राजपक्षे परिवार की पकड़ को और मजबूत बनाएगा। महिंदा को 5,000,00 से अधिक व्यक्तिगत वरीयता के मत मिले। चुनावी इतिहास में पहली बार किसी प्रत्याशी को इतने मत मिले हैं।

# अब हाइपरसोनिक प्लेन में उड़ेंगे अमेरिकी राष्ट्रपति



7 घंटे की दूरी 90 मिनटों में होगी तय

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति अब अत्याधुनिक हाइपरसोनिक प्लेन में उड़ान भरेंगे। विमान हाइपरसोनिक इंजन से लैस हो गया तो न्यूयॉर्क से लंदन की दूरी मात्र 90 मिनट में तय कर सकेंगे। अभी इस यात्रा के लिए करीब 7 घंटे का समय लगता है। यहा हाइपरसोनिक विमान एक कंबाइंड टर्बोफैन डिजाइन पर आधारित है जो एक सामान्य टर्बोफैन इंजन और रैमजेट दोनों को एक इंजन में फ्यूज करता है। एक सामान्य टर्बोफैन इंजन सामने से हवा को खींचकर प्रेशर से पीछे धकेलता है। इस इंजन से मिली ताकत के कारण ही प्लेन सबसोनिक गति से उडने में सक्षम होता है। अमेरिकी राष्ट्रपति का विमान एयरफोर्स वन अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस है। यह अमेरिकी राष्ट्रपति के ऑफिस के रूम में काम करता है। इसका इस्तेमाल मोबाइल कमांड सेंटर की तरह किया जा सकता है। अमेरिकी राष्ट्रपति अपने विमान में होने के बावजूद दुनिया में किसी भी व्यक्ति के संपर्क में रह सकते हैं। एयर फोर्स वन कभी अकेला नहीं उड़ता है, इसके आगे पीछे विमान उड़ते रहते हैं जो इस विमान को सुरक्षा मुहैया भी कराते हैं।

# चीन के युद्धाभ्यास की खबरों के बीच ताइवान ने तैनात किए एफ-16 फाइटर प्लेन



**ताइपे।** ऐसी खबरें सामने आने के बाद कि चीन की पीपल्स लिबरेशन आर्मी ताइवान के प्राटास टापू को कब्जाने के लिए ड्रिल करने वाली है। ताइवान की एयरफोर्स ने दो मल्टिरोल एफ-16 फाइटर इस हफ्ते लॉन्च कर दिए। ऐंटी-शिप मिसाइल से लैस से फाइटर हुआलीन एयरफोर्स बेस से लॉन्च किए गए थे। चीन इस प्राटास टापू को अपना क्षेत्र डोंगसा बताता है। ये टापू दक्षिण चीन सागर के उत्तरी हिस्से में आता है। मीडिया खबरों के मुताबिक 5वें टीएफडब्लुयु के एफ-16 आमतौर पर हारपून के साथ ऐंटी-शिप मिशन के लिए इस्तेमाल किए जाते हैं जबकि चौथे टीएफडब्ल्यु के एफ-16 चियाई एयरफोर्स बेस से एजीएम-65 मैवरिक मिसाइल के लिए इस्तेमाल किए जाते हैं। आशंका जताई गई है कि एयरक्राफ्ट इस डर से लॉन्च किए गए हैं कि पीएलए टापू पर कब्जे के लिए युद्धाभ्यास शुरू कर सकता है। इस बारे में ताइवान न्यूज ने मई में रिपोर्ट किया था कि पीएलए अगस्त में जो ड्रिल करेगा उसमें बड़ी संख्या में मरीन सैनिक, शिप, होवरक्राफ्ट और हेलिकॉप्टर शामिल होंगे। गौरतलब है कि दक्षिण चीन सागर में जिस क्षेत्र पर चीन की नजर है वह खनिज और ऊर्जा संपदाओं का भंडार है। चीन का दूसरे देशों से टकराव भी कभी तेल, कभी गैस तो कभी मछलियों से भरे क्षेत्रों के आसपास होता है। चीन एक यू शेप की नाइन डैश लाइन के आधार पर क्षेत्र में अपना दावा ठोकता है। इसके अंतर्गत वियतनाम का एक्सक्लूसिव इकनॉमिक जोन, परासल टापू, स्प्रैटली टापू, ब्रूने, मलेशिया, इंडोनेशिया, फिलिपीन और ताइवान के एक्सक्लूसिव इकनॉमिक जोन भी आते हैं।




लंदन में नेशनल हेल्थ सर्विस के कर्मचारी वेतन को लेकर सड़कों पर उतर गये।

## जापान- नागासाकी परमाणु हमले की 75वीं बरसी, वैश्विक नेताओं की परमाणु शस्त्रों पर प्रतिबंध की गुहार

**टोक्यो।** जापान के नागासाकी पर अमेरिकी परमाणु हमले के रविवार को 75 वर्ष पूरे होने पर शहर के मेयर और हमले में जीवित बचे लोगों ने अपने देश समेत विश्वभर के नेताओं से परमाणु हथियारों पर प्रतिबंध लगाने के लिए और कदम उठाने की गुहार लगाई है। अमेरिका के बी-9 बमवर्षक बॉकस्कार ने नौ अगस्त, 1945 को पूर्वाह्न 11 बजकर दो मिनट पर नागासाकी पर 4.5 टन का प्लूटोनियम बम 'फैट मैन' गिराया था। हमले में जीवित बचे लोगों समेत अन्य लोगों ने इस दौरान मारे गए 70,000 से अधिक लोगों की याद में रविवार को 11 बजकर दो मिनट पर एक मिनट का मौन रखा। कोरोना वायरस के चलते इस कार्यक्रम में कम लोगों को यहां आने की अनुमति थी। नागासाकी पर हमले से तीन दिन पहले अमेरिका ने हिरोशिमा पर पहला परमाणु बम गिराया था, जिससे यह शहर तबाह हो गया था। इस हमले में 1,40,000 लोगों की मौत हो गई थी।

# जर्मनी में स्कूलों को खोलते ही बढ़ा कोरोना का संक्रमण

**बर्लिन।** जर्मनी में वैश्विक महामारी कोरोना का प्रकोप अभी पूरी तरह खत्म नहीं हुआ और ऐसे में वहां में गर्मी की छुट्टियों के बाद स्कूल खोल दिए गए जिसके कारण संक्रमण तेजी से फैलने लगा। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार कोरोना वायरस की नई लहर के चलते गर्मियों की छुट्टियों के बाद खोले गए 2 स्कूलों के सैंकड़ों छात्रों को वापस भेज दिया गया और स्कूल बंद कर दिए गए। मेकलेनबर्ग-वेस्टर्न पोमेरमरिया राज्य में खुले स्कूलों में एक अध्यापक के कोरोना संक्रमित पाए जाने के बाद छात्रों को घर वापस भेज दिया गया। सोमवार को माध्यमिक स्कूल को फिर से खोलने के बाद संक्रमित शिक्षक के बारे में पता चलने के बाद अब सभी 55 शिक्षकों को अब वायरस का परीक्षण करना होगा। जिला प्रशासन



द्वारा जारी एक बयान में कहा गया है कि स्कूल कम से कम बुधवार तक बंद रहेगा। इसके अलावा रोस्टॉक जिले के एक प्राथमिक स्कूल के 100 विद्यार्थियों को दो सप्ताह के लिए क्वारंटीन किया गया है। ज्ञात हो कि कुल 16 राज्यों में से मेकलेनबुर्ग-फोरपोमेर्न में सबसे पहले स्कूलों को खोला गया है और इसी के साथ वह पहला राज्य है जहां सभी 152,700 छात्रों को वापस स्कूल आने को कहा गया। इस साल मार्च के मध्य में स्कूल बंद होने के बाद से ऐसा पहली बार हुआ है कि सबको आने की अनुमति मिली है लेकिन महामारी की दूसरी लहर के बीच स्कूलों को फिर से बंद कर दिया गया है। हालांकि संक्रमण के खतरे को कम से कम रखने के लिए छात्रों को ऐसे समूहों में बांटा गया था लेकिन एक ही समूह के छात्रों को आपस में मिलने-जुलने पर कोई पाबंदी नहीं न होने कारण छात्रों पर कोरोना का खतरा मंडरा रहा है। इन राज्यों की सरकारों द्वारा स्कूल खोलने की फैसले की कड़ी आलोचना की जा रही है।

# कार्यालय नगर पालिका गोहद जिला भिण्ड (म.प्र.)

क्रमांक/नामांतरण-शाखा/2020/1521 गोहद, दिनांक 07-08-2020

## सार्वजनिक सूचना बावत् नामान्तरण

सर्व साधारण की जानकारी के लिये एतद् द्वारा सूचना दी जाती है कि निम्नलिखित आवेदकों के आवेदकों के आवेदन बावत् नामांतरण भवन/भूमि स्वामित्व अधिपत्य प्राप्त होकर नगर पालिका अभिलेखों में नाम परिवर्तन बावत् विचाराधीन है जिस किसी को इस बावत् कोई आपत्ति हो तो वह सूचना जारी दिनांक के अंदर म्याद 30 दिवस अपने लिखित उज्रदारी संबंधित अभिलेखों व स्वामित्व प्रमाणों सहित इस कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते हैं निर्धारित अवधि के बाद प्राप्त कोई आपत्ति स्वीकार नहीं होगी।

| क्रं. | प्र.क्रं. | नाम आवेदक<br>व<br>पता | जिसके बजाय<br>नामांतरण चाहा<br>गया है। | वार्ड क्रं./गली मोहल्ला<br>का नाम जहां पर भवन<br>भूखण्ड स्थिति है। | स्वामित्व के प्रमाण<br>जिसके आधार पर<br>नामांतरण चाहा | विवरण<br>भवन<br>भूमि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1. | 392 X 3<br>2020 11 | वीरेन्द्र दुबे पुत्र<br>उमा चरण दुबे<br>ग्राम पिपरानी<br>तह. गोहद भिण्ड<br>2. अजय दुबे<br>पुत्र रामस्वरूप दुबे<br>ग्राम पिपरौनी<br>तह. गोहद भिण्ड | अशोक कुमार दुबे<br>पुत्र स्व. प्रकाश चन्द्र भटेले<br>(2) शरद कुमार भटेले<br>पुत्र स्व. प्रकाश चन्द्र भटेले<br>प्रयाग नाराण भटेले<br>पुत्र स्व. प्रकाश चन्द्र भटेले<br>नि. वार्ड नं. 15<br>कोट का कुआं गोहद | वार्ड नं. 4<br>न.पा. गोहद | रजिस्ट्री विक्रय<br>पत्र | भवन |
| 2. | 393 X 3<br>2020 11 | भगवान दास<br>गुप्ता पुत्र राम भरोसे<br>वार्ड क्रं. 2 गोहद | कैलाशी बाई<br>पति बालमुकुंद<br>करना गोहद<br>2. माता प्रसाद पुत्र<br>छोटेलाल<br>कुशवाह<br>कस्बा गोहद | वार्ड नं. 2<br>गोहद | रजिस्ट्री विक्रय<br>पत्र | कृषि<br>भूमि |
| 3. | 394 X 3<br>2020 11 | श्रीमती सायरा बानो<br>पति श्री हुसैन खान<br>सवतिह - गोहद | आनंद प्रताप सिंह तोमर<br>पुत्र कैलाश सिंह तोमर<br>नि. छीमका | वार्ड नं. 2<br>गोहद | रजिस्ट्री विक्रय<br>पत्र<br>डायवर्सन | कृषि<br>भूमि |
| 4. | 395 X 3<br>2020 11 | घनमति शर्मा<br>पति कालीचरण<br>विनोद शर्मा<br>पुत्र कालीचरण शर्मा<br>अर्जुन कालोनी<br>वार्ड नं. 4 गोहद | कालीचरण शर्मा<br>बैजनाथ शर्मा<br>अर्जुन कालोनी<br>गोहद | वार्ड नं. 4 गोहद<br>अर्जुन कालोनी | मृत्यु प्रमाण पत्र<br>शपथ पत्र | भवन |
| 5. | 396 X 3<br>2020 11 | प्रदीप शर्मा पुत्र<br>कालीचरन शर्मा<br>दीपू शर्मा पुत्र<br>कालूचरन शर्मा<br>वार्ड क्रं. 4 अर्जुन<br>कालोनी, गोहद | शिवनारायण पुत्र<br>सीतारम कुशवाह<br>सती बाजार, गोहद | वार्ड नं. 4 गोहद<br>अर्जुन कालोनी<br>गोहद | रजिस्ट्री विक्रय पत्र<br>मृत्यु प्रमाण पत्र<br>शपथ पत्र | कृषि<br>भूमि |
| 6. | 397 X 3<br>2020 11 | पदमा बाई पति<br>मेघराज प्रजापति<br>नि.जल का नगरा<br>कालूचरन शर्मा<br>अम्बाह मुरैना | राममूर्ति कुशवाह<br>हीरालाल कुशवाह<br>नि. भिण्ड | वार्ड नं. 16<br>गोहद | रजिस्ट्री विक्रय पत्र<br>डायवर्सन | भूमि |
| 7. | 398 X 3<br>2020 11 | सुगम गुप्ता पति<br>श्री अशोक गुप्ता<br>नि.वार्ड नं. 6<br>निगोली वाली गली<br>गोहद | रामप्रसाद जाटव<br>स्व. श्री भीकाराम जाटव<br>ग्राम शंकरपुरा पोरसा<br>पोरसा | वार्ड नं. 16<br>गोहद | रजिस्ट्री विक्रय पत्र<br>डायवर्सन | भूमि |
| 8. | 399 X 3<br>2020 11 | श्रीमती आशा देवी<br>पति मुन्नालाल प्रजापति<br>महावीर गंज<br>वार्ड नं. 2 गोहद | भौंदलाल<br>मनीराम<br>महावीर गंज<br>वार्ड नं. 2 गोहद | महावीर गंज<br>गोहद<br>वार्ड नं. 2 गोहद | मृत्यु प्रमाण पत्र<br>न्यायालय<br>तहसीलदार आदेश | भवन |
| 9. | 400 X 3<br>2020 11 | रामजीलाल नारायण<br>पुत्र भगवती<br>नि. ग्राम सुहास<br>तह. गोहद भिण्ड | ब्रजभूषण वाहम्ण<br>पुत्र दर्शनलाल<br>निवासी सुहास तह.<br>गोहद<br>संजीव कुमार पुत्र<br>दर्शनलाल<br>नि. अमलतास कालोनी<br>भिण्ड रोड ग्वा. | कोर का कुआं<br>वार्ड नं. 15<br>गोहद | रजिस्ट्री विक्रय पत्र<br>सूचना पत्र | प्लांट |
| 10. | 401 X 3<br>2020 11 | महावीर जाटव<br>पुत्र रामलाल<br>रठियनपुरा<br>वार्ड नं. 5 गोहद | जितेन्द्र कुमार पुत्र<br>रामस्वरूप जाटव<br>रठियनपुरा<br>वार्ड नं. 5 गोहद | रठियनपुरा<br>वार्ड नं. 5<br>गोहद | रजिस्ट्री विक्रय पत्र<br>न्यायालय<br>सूचना पत्र | भवन |
| 11. | 402 X 3<br>2020 11 | महेश कुमार सोनी<br>पुत्र धनीराम सोनी<br>नि वार्ड नं. 12<br>बड़ा बाजार गोहद | रामकिशन सोनी पुत्र<br>पन्नालाल सोनी<br>वार्ड नं. 1<br>बड़ा बाजार गोहद | वार्ड नं. 12<br>बड़ा बाजार<br>गोहद | वसीयत नामा<br>मृत्यु प्रमाण पत्र<br>शपथ पत्र | भवन |
| 12. | 403 X 3<br>2020 11 | श्रीमती निर्मला सोनी<br>पति प्रेमनानारायण सोनी<br>नि वार्ड नं. 11<br>बड़ा बाजार गोहद | कपिल सोनी पुत्र<br>मोहनलाल स्वर्णकार<br>माधौगंज थाना, सब्जी मण्डी<br>सिंधी धर्मशाला के पास ग्वा. | वार्ड नं. 07<br>गोहद | रजिस्ट्री | दुकान |
| 13. | 404 X 3<br>2020 11 | गुरुचरन सिंह पुत्र<br>गुलजार सिंह<br>ग्राम फतेहपुर<br>पर. गोहद | संग्राम सिंह, शिवराज सिंह<br>राणा, पुत्रगण शंकर सिंह<br>पुत्र झींगरी सिंह<br>तोमर ग्राम तेहरा | वार्ड नं. 18 | रजिस्ट्री<br>भू अभिलेख<br>डायवर्सन | भूमि |
| 14. | 405 X 3<br>2020 11 | अमान सिंह पुत्र<br>चन्दन सिंह<br>ग्राम पिपहाडा<br>गोहद | देवेन्द्र सिंह पुत्र<br>बैजनाथ सिंह<br>ग्राम फतरौल<br>तह. मेहगांव गोहद | वार्ड नं. 05 | रजिस्ट्री<br>डायवर्सन | प्लाट |
| 15. | 406 X 3<br>2020 11 | धर्मपाल सिंह पुत्र<br>जय सिंह<br>सिख गोहद | मुरालीलाल पुत्र<br>बाबूलाल जाति<br>वैश्य गोहद | वार्ड नं. 18 | रजिस्ट्री<br>डायवर्सन | भूमि |
| 16. | 407 X 3<br>2020 11 | उर्मिला जाटव<br>पति सुरेन्द्र सिंह<br>निवासी पुरानी बस्ती<br>दशहरा रोड मेहगांव | ज्ञानवती पति<br>धर्मसिंह जाटव<br>लालजीत का पुरा<br>तह. व जिला मुरैना | कीरतपुरा<br>वार्ड नं. 17 | रजिस्ट्री<br>डायवर्सन | भूमि |
| 17. | 408 X 3<br>2020 11 | सुगम राठौर पति<br>नीलकमल राठौर<br>निवासी वार्ड क्र. 2<br>महावीर गंज गोहद | रामसिंह कुशवाह<br>पुत्र ग्यासीराम<br>वार्ड नं. 02 गोहद | वार्ड नं. 16 | रजिस्ट्री<br>डायवर्सन | प्लाट |
| 18. | 409 X 3<br>2020 11 | नीलकमल राठौर<br>पुत्र बाबूलाल राठौर<br>निवासी वार्ड क्र. 2<br>महावीर गंज गोहद | रामसिंह कुशवाह पुत्र<br>पुत्र ग्यासीराम<br>दत्तू का पुरा गोहद | वार्ड नं. 16 | रजिस्ट्री<br>डायवर्सन | प्लाट |
| 19. | 410 X 3<br>2020 11 | सुनीता देवी<br>पति मनीराम<br>निवासी नहर मौहल्ला<br>महावीर गंज गोहद<br>वार्ड क्रं. 08 | किशनलाल पुत्र<br>हरीसिंह जाटव<br>निवासी नहर मौहल्ला<br>हॉल बग थरा<br>तह. गोहद | वार्ड नं. 08 | लिखतम<br>वसीयत नामा | भवन |
| 20. | 411 X 3<br>2020 11 | मनोरमा पति<br>लक्ष्मण राठौर<br>निवासी वार्ड क्र. 01<br>गोहद | मोहम्मद अजुद्दीन पुत्र<br>जमालुदीन<br>नि. नयापुरा<br>तारागंज ग्वा. | वार्ड नं. 01 | रजिस्ट्री<br>डायवर्सन | भवन |
| 21. | 412 X 3<br>2020 11 | कुलदीप सिंह पुत्र<br>प्रकाश सिंह<br>2.धर्मवीर सिंह<br>पुत्र प्रकाश सिंह<br>दर्जी वार्ड क्रं. 04<br>गोहद | प्रकाश सिंह पुत्र<br>हरिवल्लभ सिंह दर्जी<br>प्रकाश नगर | वार्ड नं. 04 | वसीयत नामा<br>मृत्यु प्रमाण पत्र | भूमि |
| 22. | 413 X 3<br>2020 11 | सुशीला पुत्री<br>विदावन<br>2.चन्द्रशेखर<br>पुत्र रामरतन जाटव<br>वार्ड क्रं. 04<br>खिरकिया मौहल्ला | प्रकाश सिंह पुत्र<br>हरिवल्लभ सिंह दर्जी<br>प्रकाश नगर | वार्ड क्रं. 04 | वसीयत नामा<br>मृत्यु प्रमाण पत्र | भूमि |
| 23. | 414 X 3<br>2020 11 | हरीशचन्द्र<br>पुत्र विदावन<br>गंज बाजार<br>वार्ड क्रं. 01<br>गोहद | विदावन पुत्र<br>काशीराम<br>गंज बाजार<br>वार्ड क्रं. 01<br>गोहद | वार्ड क्रं. 04 | शपथ पत्र<br>मृत्यु प्रमाण पत्र | दुकान |
| 24. | 415 X 3<br>2020 11 | सतेन्द्र कुमार जैन<br>पुत्र बाबूलाल जैन<br>गंज बाजार<br>निवासी वार्ड क्रं. 15<br>गोहद | शिवलाल पुत्र<br>मानपाल<br>ग्राम डांग पर<br>गोहद | वार्ड क्रं. 17<br>कीरतपुर | रजिस्ट्री<br>डायवर्सन<br>भू अधिकार | भूमि |
| 25. | 416 X 3<br>2020 11 | लज्जाराम<br>वशान्दर पुत्र<br>द्वारिका प्रसाद<br>वशान्दर निवासी<br>वार्ड क्रं. 08<br>नहर मोहल्ला, गोहद | श्रीमती राजेश्वरी देवी<br>पति लज्जाराम वंशादर<br>गोहद | वार्ड क्रं. 08<br>नहर मोहल्ला<br>गोहद | शपथ पत्र<br>मृत्यु प्रमाण पत्र | भवन |
| 26. | 417 X 3<br>2020 11 | श्रीमती लीला देवी<br>पति हरिहर सावला<br>2. कमला देवी<br>पति रामप्रकाश<br>निवासी वार्ड 11<br>गोहद | जसवीर कौर वेवा<br>पति करतार सिंह<br>2. जसपाल सिंह,<br>जगदीश सिंह<br>निवासी ग्राम<br>हरगोविन्द पुरा | कीरतपुरा<br>वार्ड क्रं. 08 | रजिस्ट्री<br>डायवर्सन | भूमि |
| 27. | 418 X 3<br>2020 11 | सुरेशचन्द्र गुप्ता<br>पुत्र स्व. रामरतन गुप्ता<br>2. मुन्नी देवी<br>पति सुरेशचन्द्र गुप्ता<br>इटामली गेट | सुनीता बाई<br>पति वीरेन्द्र शर्मा<br>2. जसपाल सिंह,<br>निवासी वार्ड क्रं. 09<br>गोहद | वार्ड क्रं. 09<br>नहर मोहल्ला<br>गोहद | रजिस्ट्री | भवन |
| 28. | 419 X 3<br>2020 11 | श्रीमती संध्या<br>पति रामसेवक जाटव<br>निवासी ग्राम सर्वा<br>तह. गोहद | श्रीमती शोभना<br>पुत्री अजमेर सिंह<br>पत्नि दिनेश सिंह भदौरिया<br>ग्राम पदकोली<br>तह. मेहगांव | वार्ड क्रं. 18 | रजिस्ट्री<br>डायवर्सन | भूमि |
| 29. | 420 X 3<br>2020 11 | मुन्नी देवी<br>पति मथुरा प्रसाद | लोगश्री बेवा पत्नि<br>बुद्धदेव | वार्ड क्रं. 01 | रजिस्ट्री | प्लाट |
| 30. | 421 X 3<br>2020 11 | अतीश कुमार<br>पुत्र जीधाराम<br>ग्राम दिलीप सिंह<br>का पुरा डांग बिरखंडी<br>तह. गोहद | कल्ला उर्फ कलयान<br>नब्बा उर्फ नबाव<br>कीरतपुरा वार्ड क्रं. 17<br>गोहद चौराहा | वार्ड क्रं. 17<br>कीरतपुरा | रजिस्ट्री<br>खसरा<br>डायवर्सन | प्लाट |
| 31. | 422 X 3<br>2020 11 | मेवाराम प्रजापति<br>पुत्र स्व. ग्याराम<br>प्रजापति<br>वार्ड. क्रं. 03<br>तह. गोहद | ग्याराम प्रजापति<br>पुत्र मनोहर<br>वार्ड क्रं. 03 | वार्ड क्रं. 03<br>गोहद | मृत्यु प्रमाण पत्र<br>सहमति पत्र | भवन |
| 32. | 423 X 3<br>2020 11 | कमलेश पुत्र<br>रामदीन जाटव<br>निवासी<br>चन्द्रोखर पर<br>गोहद | वलविन्दर सिंह<br>पुत्र गुरुचरन सिंह<br>जाति सिख निवासी<br>हरगोविन्दरपुरा पर<br>गोहद | वार्ड क्रं. 18<br>गोहद | रजिस्ट्री<br>डायवर्सन | प्लाट |
| 33. | 424 X 3<br>2020 11 | राजबहादुर<br>ठकुरी प्रसाद | ठकुरी प्रसाद | वार्ड क्रं. 17 | भू-पुस्तिका<br>खसरा<br>डायवर्सन | प्लाट |

| | | |
|---|---|---|
| **उप राजस्व निरीक्षक** | **प्रशासक** | **मुख्य नगर पालिका अधिकारी** |
| **नगर पालिका परिषद गोहद** | **नगर पालिका परिषद गोहद** | **नगर पालिका परिषद गोहद** |
| **जिला भिण्ड, म.प्र.** | **जिला भिण्ड, म.प्र.** | **जिला भिण्ड, म.प्र.** |

## पंजाब में बहन ने सगे भाई से रचाई शादी, जिसने भी सुना रह गया हैरान

पंजाब में रिश्ते तो तार-तार कर देने वाली खबर सामने आई. जिसने भी इस खबर को सुना वो हैरान रह गया. एक लड़की ने अपने सगे भाई से शादी कर ली. क्योंकि उसे ऑस्ट्रेलिया में शिफ्ट होना था. शादी के बाद उसने फर्जी पासपोर्ट बनवाया और ऑस्ट्रेलिया चली गई. एक महिला ने इस चीज की शिकायत पुलिस को की. जिसके बाद इस मामले का खुलासा हुआ. इस शाजिश में भाई-बहन के घरवाले भी शामिल थे. पंजाब में एक गांव की लड़की को विदेश में जाकर बसना था, लेकिन उसे वीजा की समस्या थी.

## ऑस्ट्रेलियाई कप्तान एरोन फिंच ने कहा, विराट की कप्तानी में खेलने को उत्साहित हूं

**नई दिल्ली।** काफी लंबे इंतजार के बाद आखिरकार 19 सितंबर से आईपीएल की शुरुआत होने वाली है। कोरोना के कारण आईपीएल का आयोजन देरी से किया जा रहा है। बीसीसीआई ने भारत में गंभीर स्तर पर पहुंच चुकी महामारी को ध्यान में रखकर आईपीएल को यूएई में कराने का फैसला किया है। ऑस्ट्रेलियाई कप्तान एरोन फिंच ने हाल ही में बताया कि वह मौजूदा सीजन में भारतीय कप्तान विराट कोहली के साथ खेलने के लिए उत्साहित हैं। बता दें कि एरोन फिंच इस सीजन में रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर में कोहली की कप्तानी में खेलने वाले है। एरोन फिंच ने कहा,यह पहला मौका होगा जब मैं विराट की कप्तानी में खेलूंगा, मैं बहुत उत्साहित हूं। उन्होंने कहा,अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मैंने सालों विराट को



खिलाफ खेला है। आईपीएल प्रतियोगी क्रिकेट है। मैं उम्मीद करता हूं कि मेरा अनुभव मेरे काम आएगा और मैं टीम के लिए उपयोगी साबित होऊंगा। मैं विराट के दबाव को कम करने की कोशिश करूंगा। ऑस्ट्रेलिया के सलामी बल्लेबाज आरोन फिंच का कई बार विराट कोहली से सामना हुआ है, हालांकि उनका मानना है कि आईपीएल में सब कुछ अलग होगा। फिंच ने बताया कि यूएई में होने वाले आईपीएल में भारतीय फैंस को मिस करने वाले हैं। उन्होंने कहा, %मैं चिन्नास्वामी स्टेडियम में दर्शकों की भीड़ मिस करूंगा। लेकिन अगर हम चिन्नास्वामी स्टेडियम में होम क्राउड के सामने खेलते तो उसकी बात ही अलग होती लेकिन यूएई में टीम का प्रतिनिधित्व करना भी मेरे लिए काफी बड़ी बात है।

## एलिना स्वितोलिना और किकि बर्टेंस ने अमेरिकी ओपन से नाम वापिस लिया

**न्यूयार्क।** दुनिया की नंबर एक खिलाड़ी एश बार्टी के बाद शीर्ष दस में शामिल दो और खिलाड़ी एलिना स्वितोलिना और किकि बर्टेंस भी कोरोना के बीच होने वाले इस ग्रैंडस्लैम टेनिस में भाग नहीं लेंगी। अमेरिकी टेनिस संघ ने बताया कि बारबोरा क्रेजसिकोवा ने भी नाम वापस ले लिया है,जो युगल रैंकिंग में 8वें स्थान पर है। पांचवीं रैंकिंग वाली यूक्रेन की स्वितोलिना ने कहा कि वह अमेरिका की यात्रा करके



अपनी टीम को और खुद को जोखिम में नहीं डालना चाहती। वहीं, नीदरलैंड की सातवीं वरीयता प्राप्त बर्टेंस ने लिखा कि अगर वह खेलती है,तब उन्हें यूरोप लौटने के बाद पृथकवास में रहना होगा। वह 27 सितंबर से शुरू होने वाले फ्रेंच ओपन में भाग लेना चाहती है जबकि अमेरिकी ओपन 31 अगस्त से 13 सितंबर तक चलेगा।

## टोक्यो ओलंपिक आयोजन समिति के दो कर्मचारी संक्रमित पाये गये

**टोक्यो।** टोक्यो ओलंपिक आयोजन समिति के दो कर्मचारी भी कोरोना संक्रमित पाये गये हैं। अधिकारियों ने कहा कि इस प्रकार कोविड-19 संक्रमित कर्मचारियों की तादाद तीन हो गई है। आयोजकों ने कहा कि एक महिला और एक पुरूष खिलाड़ी कोरोना वायरस से संक्रमित पाये गये हैं। इसमें पुरूष खिलाड़ी की उम्र 20 साल और महिला की 30 वर्ष बतायी गयी है। यह दोनो अपने घर से ही काम कर रहे थे पर लॉकडाउन खुलने के बाद कुछ लोगों ने कार्यालय जाना शुरू कर दिया है। टोक्यो के लिए आयोजन समिति में कुल 3,500 लोगों का स्टाफ है। इससे पहले कोरोना महामारी के कारा 2020 टोक्यो ओलंपिक को एक साल के लिये स्थगित कर दिया गया था।



# गृह, जेल मंत्री द्वारा चार हितग्राहियों को आर्थिक सहायता के चैक वितरित

**ग्वालियर।** मध्यप्रदेश शासन के गृह, जेल, संसदीय कार्य एवं विधि विधायी मंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्र ने दतिया प्रवास के दौरान

## गृह, जेल मंत्री ने तीन हितग्राहियों को ट्रायसाइकिल प्रदान की

राजघाट कालोनी स्थित निवास पर चार हितग्राहियों को मुख्यमंत्री कृषक जीवन कल्याण योजना के अंतर्गत आर्थिक सहायता के चार-चार लाख रूपये के चेक वितरित किए। गृह एवं जेल मंत्री द्वारा जिन हितग्राहियों को चेक वितरित किए गए उनमें





श्रीमती सुख देवी पत्नी स्व. श्री मान सिंह पाल निवासी खमेरा, श्री अतर सिंह पाल निवासी ग्राम नरगढ़, श्रीमती संध्या पत्नी स्व. श्री दिनेश जाटव निवासी राव एवं श्रीमती ज्योति कुशवाह निवासी धीरपुरा शामिल है। गृह, जेल, संसदीय कार्य एवं विधि विधायी मंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्र द्वारा दतिया प्रवास के दौरान राजघाट कालोनी स्थित निवास पर तीन दिव्यांग हितग्राहियों को बैटरी चलित ट्रायसाइकिल वितरित की गई। इनमें श्री बहादुर पाल चितुवा, श्री बल्ली कुशवाहा चितुवा एवं श्री मुकेश मोगिया चितुवा शामिल हैं। इस दौरान जनप्रतिनिधिगण उपस्थित थे।

# कलेक्टर ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानी नाथूराम सूत्रकार का घर जाकर किया सम्मान

**ग्वालियर।** देश को स्वतंत्र कराने में अपना योगदान देने वाले जिले के वरिष्ठ स्वतंत्रता संग्राम सेनानी श्री नाथूराम सूत्रकार (107 वर्ष) को उल्लेखनीय योगदान के लिये भारत छोड़ो आंदोलन की वर्षगाँठ पर रविवार को कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने उनके निवास पर पहुँचकर उनका सम्मान किया। कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने जिले के वरिष्ठ स्वतंत्रता संग्राम सेनानी श्री नाथूराम सूत्रकार के गृह निवास न्यू कॉलोनी नं.-1 कांचमील रोड़ ग्वालियर पहुँचकर राष्ट्रपति भवन नईदिल्ली से प्राप्त अंग्रवस्त्रम एवं शॉल भेंट



कर श्रीफल एवं पुष्पाहार से सम्मानित कर उनकी दीर्घ आयु की कामना की। कलेक्टर श्री सिंह ने इस मौके पर कहा कि देश को आजादी दिलाने में वीर सैनानियों का बड़ा योगदान रहा है। उनके कारण ही आज हम स्वतंत्र भारत में खुले में जी रहे हैं। उन्होंने कहा कि हम सबका दायित्व है कि हम उनका सम्मान कर वीर सैनानियों से देश सेवा के लिये प्रेरणा लें। उन्होंने कहा कि कोरोना के संक्रमण को देखते हुए शासन ने निर्णय लिया है कि स्वतंत्रता सेनानियों का सम्मान उनके निवास पर पहुँचकर ही किया जाए। इसी कड़ी में स्वतंत्रता संग्राम सेनानी श्री सूत्रकार को सम्मानित कर केन्द्र एवं राज्य सरकार अपने आप को गौरवान्वित महसूस कर रही है। इस दौरान कलेक्टर ने श्री नाथूराम सूत्रकार के पुत्र श्री रमेश दीवान सहित परिजनों से चर्चा की। परिजनों ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानी श्री नाथूराम सूत्रकार द्वारा देश को आजादी दिलाने में दिए गए योगदान की जानकारी दी। इस मौके पर श्री नाथूराम के परिजन एवं डिप्टी कलेक्टर श्री संजीव खेमरिया उपस्थित थे। श्री नाथूराम सूत्रकार को राष्ट्रपति भवन में भारत छोड़ो आंदोलन की वर्षगाँठ पर सम्मानित किया जाना था। लेकिन कोरोना संक्रमण को देखते हुए यह सम्मान उनके निवास पर जिला कलेक्टर द्वारा किया गया।

# डॉ वन्दना भूपेन्द्र प्रेमी राष्ट्रीय सचिव नियुक्त

**नई दिल्ली।** ग्वालियर भारतीय गोरक्षा वाहिनी की महिला प्रकोष्ठ की राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ ज्योति श्रीवास्तव ने ग्वालियर की डॉ वन्दना भूपेन्द्र प्रेमी को भारतीय गोरक्षा वाहिनी की महिला प्रकोष्ठ की राष्ट्रीय सचिव नियुक्त किया। इस अवसर पर डॉ वन्दना ने कहा कि आज भी हम महिलाएं जब अपने परिवार का खाना बनाती है तो सबसे पहली रोटी गौमाता की ही बनती है क्योंकि यही हमारा धर्म है और यही हमारी संस्कृति भी। भारतीय गोरक्षा वाहिनी की नीतियों के अनुकूल अपने सकरात्मक प्रयास से संगठन के सिद्धांतों और विचारों को



जन जन तक पहुचाने का काम करूंगी एव गौमाता की रक्षा के लिए अनेक प्रयास करती रहूंगी। इस अवसर पर ममता कटारे,सोनल पाल, ज्योति दुबे,सपना पाल,संगीता अग्रवाल,सांगिता पाल,प्रियंका अग्रवाल,गार्गी राठौड़, मंजू बघेल, अंजूम बानो, प्रिया प्रजापति,रेखा बंसल,शालीनी लालचंदानी, रुखसार खान, दीपमाला, राखी, काजल, ज्योति, शिवंगी, नितिन शिवहरे, सतेन्द्र सिंह, मुकेश शर्मा,संजू ने बधाई दी।

# शहीद छात्र हरि सिंह दर्शन सिंह की शहादत पर श्रद्धासुमन अर्पित.



वासुदेव मिश्रा रिपोर्टर

**ग्वालियर।** 9 अगस्त 1950 छात्र आंदोलन के दौरान शहीद हुए एम एल बी कॉलेज के छात्र नेता हरि सिंह दर्शन सिंह जो कि महाविद्यालय छात्रों की विभिन्न समस्याओं की आंदोलन के दौरान पुलिस की बर्बरता पूर्ण गोलीबारी के दौरान शहीद हुए थे। रविवार को छात्र आंदोलन संचालन समिति के संयोजक एडवोकेट शिववीर सिंह भदौरिया ने ब उनकी शहादत को हर वर्ष की भांति एम एल बी कॉलेज प्रांगण में उनकी समाधि पर श्रद्धासुमन अर्पित कर उनकी शहादत को याद किया गया समस्त छात्रनेताओ भूतपूर्व छात्रनेता महाविद्यालय प्रशासन राजनीतिक एवं सामाजिक संगठन उपस्तिथ होकर शहीद छात्र हरि सिंह दर्शन सिंह को श्रद्धासुमन अर्पित किए श्रद्धासुमन अर्पित करने बालो में एम एल बी कॉलेज के प्राचार्य के एस राठोर, ए के बाजपेयी सिसोदिया ,राणा सर ,सुरजीत सिंह भदौरिया ,गजेन्द्र तिवारी, ज्योदित्यराज भदौरिया ,पापड़ी किकेंट कोच, आदि उपस्थित थे।

# बॉयफ्रेंड ने किया दुष्कर्म

**ग्वालियर।** शहर के बहोड़ापुर थाना क्षेत्र में स्थित आनंद नगर में रहने वाली एक छात्रा के साथ उसके बॉयफ्रेंड ने दुष्कर्म कर डाला पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है! जानकारी के अनुसार बहोड़ापुर थाना क्षेत्र के आनंद नगर में रहने वाली 19 साल की एक छात्रा की कुछ दिन पहले घास मंडी निवासी हितेश बंसल से जान पहचान हुई और दोस्ती की हो गई दो दिन पहले छात्रा जब घर में अकेली थी तभी हितेश बंसल उससे मिलने आया और धमकाकर छात्रा के साथ दुष्कर्म कर भाग गया पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म का मामला दर्ज कर उसकी तलाश प्रारंभ कर दी है!

# अवैध हथियार एवं कारतूसों सहित दो तस्कर गिरफ्तार ..

**ग्वालियर।** क्राईम ब्रांच ने मुखबिर की सूचना पर अवैध हथियार एवं कारतूसों की तस्करी करने वाले दो तस्करों को अवैध हथियार व राउण्ड सहित गिरफ्तार किया है।पुलिस ने आरोपियों से पूछताछ शुरू कर दी है। पुलिस अधीक्षक अमित सांघी(भापुसे) को जरिए मुखबिर सूचना प्राप्त हुई कि अवैध हथियारों की तस्करी करने वाले दो तस्कर पनिहार टोल प्लाजा पर देखे गये हैं तो भारी मात्रा में अवैध हथियार लेकर बैचने की फिराक में खड़े हैं। सूचना पर से पुलिस अधीक्षक ग्वालियर ने तत्काल अति0 पुलिस अधीक्षक,अपराध सत्येन्द्र सिंह तोमर तथा डीएसपी क्राईम रत्नेश सिंह तोमर को क्राईम ब्रांच की टीम गठित कर उक्त हथियारों के तस्करों को धरदबोचने के निर्देश दिये। पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार डीएसपी अपराध ने थाना प्रभारी क्राईम ब्रांच ग्वालियर दामोदर गुप्ता के नेतृत्व में क्राईम ब्रांच की दो टीमें गठित कर मुखबिर के बताये अनुसार हथियारों के तस्कर को पकड़ने के लिये लगाया।वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशों के परिपालन में



आज थाना प्रभारी क्राईम उनि0 दामोदर गुप्ता के मार्गदर्शन में एक टीम क्राईम ब्रांच के उप निरीक्षक श्री कुलदीप वर्गे तथा दूसरी टीम सउनि राजकुमार राजावत के नेतृत्व में हथियारों के तस्करों को पकड़ने के लिये भेजी गई। मुखबिर के बताये स्थान पर पहुंचकर देखा कि दो संदिग्ध व्यक्ति बैग कंधे पर टांगे हुए खड़े हैं, पुलिस पार्टी को देखकर उन्होंने भागने का प्रयास किया लेकिन क्राईम टीम द्वारा दोनों संदिग्ध बदमाशों का धरदबोचा। पूछताछ में उन्होंने अपने नाम 1. राकेश उर्फ कालिया पुत्र रामप्रकाश जाटव निवासी ग्राम ईश्वरी थाना नयागांव जिला भिण्ड 2. आकाश उर्फ जग्गू पुत्र लालाराम कुशवाह निवासी शास्त्री नगर बी-ब्लाक राजेन्द्र कॉन्वेंट स्कूल के पीछे भिण्ड का होना बताया। क्राईम ब्रांच द्वारा राकेश जाटव के कंधे पर लटके हुए काले लाला रंग के पिठ्ठु बैग की तलाशी लेने पर उसमें 32 बोर की एक पिस्टल तथा 40 राउण्ड 32 बोर के एवं 40 राउण्ड प्रतिबंधित बोर 9एमएम के बरामद किये गये। दूसरे व्यक्ति आकाश की तलाशरी लेने पर उसकी कमर में एक 315 बोर का कट्ठा खुरसा हुआ मिला। दोनों हथियार तस्करों से पूछताछ करने पर उन्होने बताया कि वह भिण्ड व इटावा से हथियार लाकर ग्वालियर व आसपास के इलाकों में बैचते थे। आरोपियों से विशेष तौर पर 9एमएम पिस्टल के मिले राउण्ड के संबंध में पूछताछ की जा रही है कि यह राउण्ड इन्हे कहां से प्राप्त हुए तथा इनके द्वारा ग्वालियर अंचल में किस-किस व्यक्ति को हथियार सप्लाई किये गये है इसके संबंध में काईम ब्रांच की टीम द्वारा विस्त पूछताछ की जा रही है। आरेपियों के खिलाफ थाना क्राईम ब्रांच ग्वालियर में आर्मुस एक्ट का प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है। पुलिस अधीक्षक ग्वालियर द्वारा हथियारों के तस्करों को पकड़ने वाली टीम को पुररूकृत करने की घोषणा की है। सराहनीय भूमिका- थाना प्रभारी श्री दामोदर गुप्ता, उनि कुलदीप वर्गे, सिउन राजकुमार राजावत, प्र0आर0 राजीव सोलंकी, आर0 रूपेश शर्मा, प्रमोद शर्मा, सतीश परिहार, भगवती सोलंकी, अंगद यादव, रणवीर यादव, विद्याचरण शर्मा, विश्वीर जाट की सराहनीय भूम्किा रही है।

# अवदेश शर्मा बने प्रदेश कार्यकारणी सदस्य।



**ग्वालियर।** गऊ सेवा क्षेत्र में कार्य कर रही युवा जनकल्याण सेवा समिति ने संघठन को आगे बढ़ाने का फैसला इस माह की बैठक में लिया गया और साथ ही विस्तार करते हुये प्रदेश अध्यक्ष नागेंद्र सिकरवार ( प्रदीप ), प्रदेश उपाध्यक्ष हेमंत भदौरिया, प्रदेश सचिव सुरजीत सिंह राजावत, प्रदेश सह सचिव शिवम भदौरिया, प्रदेश कार्यकारणी सदस्य संतोष शर्मा, शाहबाज खान की अनुशंसा पर श्री अवध किशोर ( अवधेश ) शर्मा जी के अच्छे कार्य एवं व्यक्तित्व को देखकर चार शहर का नाका हजीरा स्तिथ पी. एच. ई कॉलोनी कार्यालय स्तिथ उनको युवा जनकल्याण समिति संगठन के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य नियुक्त किया जाता है आपको यह दायित्व देते हुए सभी सदस्यों को बड़ी खुशी हो रही है आशा करते हैं कि आप इस दायित्व का निर्वहन कुशलतापूर्वक करेंगे और सामाजिक कार्यों में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेंगे संगठन के सदस्य आपके उज्जवल भविष्य की कामना करते है आप इसी तरह निस्वार्थ भाव से कार्य करते रहें और आगे बढ़ते रहें। इसके साथ अनिल राठौर, सतेंद्र राजावत, मानवेन्द्र जादौन, ललित मराठा, विवेक चौहान, रोहित जादौन कई समिति के सदस्य मौजूद रहे।

छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ
पुष्पांजली टुडे
क्लासिफाइड में अगले दिन प्रकाशित होने वाले विज्ञापन की बुकिंग सुबह 10 बजे से सांय 6 बजे तक
डिस्प्ले क्लासिफाइड 25/ रु Sq.Cm.
( Min. size 5×9 )
कोर्ट नोटिस / आम सूचना साइज
12×5 - 2000 रु
नि:शुल्क
बच्चों के बर्थडे एवं शादी की सालगिरह श्रंद्धाजलि शोक संदेश उठावनी
संपर्क सूत्र : 8269307478,7999246560

प्रतिभा हम निखारेंगे
अगर आपके अंदर है कोई जज्बा तो उभर कर आइये आगे आपकी लिखी हुई कहानी लेख कविताओं को हम देंगे जगह, आपके अंदर की प्रतिभाओं को हम उभरेंगे। तो देर किस बात की अभी हमे भेंजे अपनी कविता,लेख,कहानी,या फिर देख की आर्थिक स्थति या फिर स्वच्छता के ऊपर अपने विचार आप हमें व्हाट्सएप या मेल कर सकते है।
हमारा उद्देश्य - भारत को में छिपी प्रतिभाओं को बाहर निकलना।
पुष्पांजली टुडे
E-mail - pushpanjalitoday@gmail.com
Whatsapp :- 8269307478,7999246560,9691270207
नोट : मेल करते समय ध्यान रखे भेजने वाला व्यक्ति अपनी फोटो और नाम/पता/व्हाट्सएप अवश्य भेंजे

Pro- Bipin Singh Tomar
9301759475 9713253992
Mail-Vipintomar172@gmail.com
Somya Advertise & Marketing Service
Boost Your Business In Lockdow
Promote Your Business & Generate Leads
Bulk Sms & Voice call Marketing
Door To Door Marketing
Bulk Whatsapp Sender
Flex And Pritning & Printing Media
Digital Marketing
E. media, FM Redio
Add- Radha Krishna Plaza Near By Police Choki Sabji Mandi Pinto Park Gwalior (M.P.)

स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, एवं संपादक भरत सिंह चौहान। पुष्पांजली प्रिंटर्स गोवर्धन कालोनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, जिला ग्वालियर (म.प्र.) से मुद्रित एवं दीपू इलेक्ट्रोनिक्स, पंजीयन क्रमांक/ एम.पी.एच.आई.एन. /31130 नियर हनुमान मंदिर, गोवर्धन कालोनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, ग्वालियर (म.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक - भरत सिंह चौहान E-mail : pushpanjalitoday17@gmail.com 0751-4901333, M.: 8269307478